दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 09 अंक : 306 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 06 दिसम्बर, 2024 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

jaipurtimes.org twitter.com/JaipurTimes2 facebook.com/dainikjaipurtimes youtube.com/c/JaipurTimes instagram.com/jaipurtimesjt

# देवेंद्र बने महाराष्ट्र के सीएम, एकनाथ और अजित डिप्टी सीएम





जयपुर टाइम्स

**मुम्बई(एजेंसी.)।** महाराष्ट्र में अब देवेंद्र फडणवीस नए नाथ बन गए हैं। पहले महाराष्ट्र के सीएम रहे एकनाथ अब फडणवीस के मातहत बन गए हैं। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजे जारी होने के 12वें दिन आखिरकार राज्य में नई सरकार का गठन हुआ और भाजपा नेता और पिछली सरकार में डिप्टी सीएम रहे देवेंद्र फडणवीस ने राज्य के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। वहीं पिछली सरकार में मुख्यमंत्री रहे शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे नई सरकार में डिप्टी सीएम की भूमिका में होंगे, जबकि शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम रहे अजित पवार के पद में कोई बदलाव नहीं हुआ है, उन्होंने एक बार फिर डिप्टी सीएम पद की शपथ ली है।

## पीएम मोदी समेत एनडीए के दिग्गज बने साक्षी

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और राजनाथ सिंह और कई केंद्रीय मंत्रियों और कई राज्यों के मुख्यमंत्री जिसमें यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, बिहार के सीएम नीतीश कुमार, आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और गोवा के सीएम प्रमोद सावंत समेत राजग शासित कई राज्यों के उप-मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। इसके अलावा भाजपा नीत महायुति के हजारों समर्थक शामिल हुए। यह कार्यक्रम विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के करीब दो हफ्ते बाद आजाद मैदान में आयोजित किया गया।

## उद्योगपति-फिल्मी सितारे भी हुए शामिल

महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में एक तरफ जहां राजनेताओं का जमावड़ा लगा था। वहीं दूसरी तरफ से उद्योगपति से लेकर तमाम फिल्मी सितारों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। इसमें मुकेश अंबानी, अनिल अंबानी, कुमार मंगलम बिड़ला, अभिनेता शाहरुख खान, सलमान खान, संजय दत्त, रणबीर कपूर, रणवीर सिंह, माधुरी दीक्षित उनके पति श्रीराम नेने और क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि तेंदुलकर भी समारोह में उपस्थित रहीं।

## विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने जीतीं 132 सीटें

बता दें कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में नागपुर दक्षिण पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार मुख्यमंत्री बने। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे, अजित पवार को पद की शपथ दिलाई। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में भाजपा के 132 सीट जीतने के साथ ही देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार बनकर उभरे थे। महायुति के घटक दलों-भाजपा, शिवसेना और राकांपा के पास विधानसभा में कुल मिलाकर 230 सीटें हैं।

# झारखण्ड में हेमंत सोरेन सरकार के 11 मंत्रियों ने ली शपथ



जयपुर टाइम्स

**रांची(एजेंसी.)।** झारखण्ड में हेमंत कैबिनेट ने अपना आकार ले लिया है। मुख्यमंत्री ने अपने कैबिनेट में 11 मंत्रियों को सम्मिलित किया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को राजभवन के अशोक उद्यान में आयोजित समारोह में सभी मंत्रियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। मंत्रियों के शपथ ग्रहण के साथ ही राज्य में 10 वर्ष बाद मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों के सभी 12 बर्थ भरा। इससे पहले रघुवर सरकार तथा पिछली हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री का एक बर्थ रिक्त रहा था। शपथ ग्रहण समारोह में सबसे पहले मुख्य सचिव अल्का तिवारी ने प्रोटेम स्पीकर के पद पर प्रो. स्टीफन मरांडी की नियुक्ति का आदेश पढ़ा। इसके बाद राज्यपाल ने उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद मुख्य सचिव ने सभी मंत्रियों की नियुक्ति का आदेश पढ़ा। आदेश में मंत्रियों के उल्लेखित नाम के क्रम के अनुसार राज्यपाल ने सभी मंत्रियों को बारी-बारी से पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। सबसे पहले राधाकृष्ण किशोर ने शपथ ली तो सबसे अंत में शिल्पी नेहा तिर्की को शपथ दिलाई गई। इस बीच क्रम से दीपक बिरूवा, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजुल हसन, दीपिका पांडेय सिंह, योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार सोनू ने मंत्री पद व गोपनीयता की शपथ ली। राज्यपाल ने शपथ ग्रहण के बाद सभी मंत्रियों को पुष्पगुच्छ सौंपते हुए बधाई व शुभकामनाएं दीं। इसके बाद राज्यपाल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन सहित सभी मंत्रियों की ग्रुप फोटोग्राफी हुई। सभी मंत्री शुक्रवार को कार्यभार संभालेंगे। शुक्रवार को ही शाम में वर्तमान सकरार के कैबिनेट की दूसरी बैठक होगी, जिसमें सभी मंत्री भाग लेंगे। हफीजुल हसन ने उर्दू में अल्लाह के नाम मंत्री पद व गोपनीयता की शपथ ली। वहीं, इरफान अंसारी ने न तो ईश्वर या न ही अल्लाह का नाम लिया। उन्होंने सीधे प्रतिज्ञान लिया।

## हेमंत कैबिनेट में पांच नए चेहरे, छह पहले भी रह चुके हैं मंत्री

हेमंत कैबिनेट में छह नया चेहरा है। ये पहली बार मंत्री बने हैं। इनमें चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार सोनू व शिल्पी नेहा तिर्की सम्मिलित हैं। वहीं, अन्य छह पहले भी मंत्री रह चुके हैं। हफीजुल हसन, दीपक बिरूवा, इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय व रामदास सोरेन पिछली सरकार में मंत्री थे तो राधाकृष्ण किशोर पूर्व में मंत्री रह चुके हैं। झामुमो कोटे से छह, कांग्रेस से चार व राजद से एक मंत्री बने हैं।

## सबसे अधिक संताल प्रमंडल से बने मंत्री

संताल प्रमंडल से सबसे अधिक चार मंत्री बने हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी संताल प्रमंडल से हैं। अन्य प्रमंडलों की बात करें तो कोल्हान प्रमंडल, उत्तरी छोटानागपुर और दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल से दो-दो तथा पलामू प्रमंडल से एक मंत्री बने हैं।

# महाराष्ट्र में सीएम शपथ ग्रहण में पहुंची डिप्टी सीएम दीया कुमारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी गुरुवार को मुंबई दौरे पर पहुंची। वहां उन्होंने आज़ाद मैदान में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत की।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शपथ ग्रहण के पश्चात महाराष्ट्र के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस से मुलाकात कर उनको बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने महाराष्ट्र के नव निर्वाचित उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार से भी भेंट कर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी।

दीया कुमारी ने इससे पूर्व राजस्थान के प्रवासी समाज अध्यक्ष मोहन माली, चौनाराम सहित अन्य लोगों से मुलाक़ात की। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का स्वागत एयरपोर्ट पर राजस्थान पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक सीमा यादव, सूचना व जनसंपर्क विभाग की सहायक निदेशक ऋतु सोढ़ी , राजस्थान हाउस वाशी से शशिकांता शर्मा ने किया।



## न्यूज इनबॉक्स

### इसरो ने रचा इतिहासः प्रोबा-3 मिशन लॉन्च, होगी सूर्य स्टडी

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी.)।** इसरो ने आखिरकार इतिहास रच दिया है। यूरोपियन स्पेस एजेंसी के प्रोबा-3 मिशन की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग हो गई है। इसके पहले बुधवार को कुछ तकनीकी खामी



के कारण भारतीय स्पेस एजेंसी ने लॉन्चिंग को टाल दिया था। लॉन्चिग के लिए इसरो ने PSLV-Cz~ रॉकेट का इस्तेमाल किया गया।

आपको बता दें कि प्रोबा-3 दुनिया का पहला प्रेसिशन फॉर्मेशन फ्लाइंट सैटेलाइट है। प्रोबा-3 मिशन के तहत कोरोनाग्राफ और ऑक्कुल्टर सैटेलाइट को स्पेस में भेजा गया है। ये सैटेलाइट सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करेंगे।

कोरोनाग्राफ का वजन 310 किलो और ऑक्कुल्टर का वजह 240 किलो है। दोनों सैटेलाइट एक-दूसरे से 150 मीटर की दूरी पर रहकरे पृथ्वी की कक्षा में चक्कर लगाएंगे और सूर्य के बाहरी वातावरण कोरोना पर स

यूरोपीय स्पेस एजेंसी ने कहा कि कोरोना सूर्य के मुकाबले ज्यादा गर्म है और यहीं से स्पेस के वातावरण की शुरुआत होती है। यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण विषय है।

### इसरो के लिए महत्वपूर्ण पल

आदित्य एल-1 के बाद प्रोबा-3 की लॉन्चिंग भी इसरो के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव है। इसरो के भरोसेमंद लॉन्चर पीएसएलवी का लोहा अब दुनिया भी मानती है। यह मिशन इसरो को सूर्य से जुड़े वैज्ञानिक प्रयोगों में मदद करेगा। दोनों सैटेलाइट पर लगे उपकरण सूर्य के बाहरी वातावरण का गहनता से विश्लेषण करेंगे और सैटेलाइट पृथ्वी का एक चक्कर 19 घंटे में पूरा करेगा। प्रोबा दरअसल एस लैटिन शब्द है, जिसका मतलब होता है- चलो कोशिश करते हैं।

ऑक्कुल्टर सैटेलाइट में एक उपकरण लगा है, जो सूर्य की चमकदार डिस्क को ब्लॉक कर देगा। यह प्रक्रिया सैटेलाइट के लिए किसी सूर्यग्रहण की तरह होगी। इसके बाद कोरोनाग्राफ में लगे टेलीस्कोप से कोरोना का विश्लेषण किया जा सकेगा।

### राइजिंग राजस्थान समिट में 20 लाख करोड़ के होंगे एमओयू!

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान में इनवेस्टमेंट समिट का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। जानकारी के मुताबिक इनवेस्टमेंट समिट में करीब 20 लाख करोड़ रुपए के एमओयू होंगे। यानी अब तक राजस्थान में हुई इनवेस्टमेंट समिट से करीब 2 गुना ज्यादा के निवेश का दावा सरकार कर रही है। पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने 2022 में हुई निवेश समिट में करीब 11 लाख करोड़ रुपए के निवेश के लिए एमओयू किए गए थे।

### डॉ. सतीश पूनिया ने की जनसुनवाई, उमड़ा जनसैलाब , जनसंवाद बना लोगों की 'आशा' का केंद्र



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** डॉ. सतीश पूनिया की बेहतरीन कार्यशैली, लोगों से मिलनसारिता, आत्मीय जुड़ाव और उनकी दुःख तकलीफों, समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराने की बदौलत उनका निवास जनसंवाद केंद्र लोगों की आशा का केंद्र बन गया है। हरियाणा भाजपा प्रभारी, पूर्व अध्यक्ष भाजपा राजस्थान डॉ. सतीश पूनियां ने गुरुवार को जयपुर में रानी सती नगर स्थित अपने जनसंवाद केंद्र पर प्रदेशभर से पधारे पार्टी कार्यकर्ताओं व आमजन से मुलाकात की। इस दौरान भारी संख्या में हुजूम उमड़ा. सभी से पूनियां ने रामा-श्यामा कर हालचाल भी जाना। सतीश पूनियां ने पार्टी कार्यकर्ताओं व आमजन से मुलाकात कर जन समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों से बात कर समाधान के लिए आग्रह किया।



# कांग्रेस कुछ नेताओं की जेब में, इसे बाहर निकालना होगा:डोटासरा

**राजस्थान कांग्रेस में जल्द होगा भारी फेरबदल!**

एजेंसी

**नई दिल्ली(एजेंसी.)।** उप चुनाव में सात में छह सीटों पर हार के बाद राजस्थान कांग्रेस संगठन में बदलाव की अटकलें तेज हो गई हैं। यही वजह है की राजस्थान कांग्रेस के नेताओं ने दिल्ली में राहुल और प्रियंका गांधी से मुलाकात की है। राजस्थान कांग्रेस के चीफ गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने दिल्ली में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से की मुलाकात की। इस दौरान राजस्थान प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी साथ रहे। बैठक में राजस्थान में उप चुनाव में हार के कारणों सहित विभिन्न मुद्दों पर मंथन हुआ है। साथ ही कांग्रेस संगठन और उसकी गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में राजस्थान कांग्रेस में बदलाव,निष्क्रिय नेताओं के ख़िलाफ़ एक्शन, निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई है।

## निष्क्रिय नेताओं के ख़िलाफ़ एक्शन ले

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने फीडबैक देते हुए कहा की राजस्थान में कांग्रेस में कई नेता अपनी मर्जी से काम कर रहे हैं। ऐसे नेताओं की जेब से पार्टी को निकालना होगा। निष्क्रिय नेताओं के ख़िलाफ़ एक्शन लेना होगा। चाहे कितना ही बड़ा नेता हो अगर पार्टी के लिए सक्रिय तौर पर काम नहीं करेगा तो फिर पार्टी मैं उसके लिए जगह नहीं होनी चाहिए। प्रदेश संभाग जिला और ब्लॉक स्तर पर बहुत सारे युवा पार्टी में मेहनत से काम कर रहे हैं, पार्टी में ऐसे युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए ज़िम्मेदारियाँ देनी होगी। राजस्थान कांग्रेस प्रभारी और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी संगठनात्मक गतिविधियों में सरकार को घेरने के लिए जनता से जुड़े मुद्दों के आधार पर आने वाले दिनों की रणनीति के बारे में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी को अवगत कराया। बैठक में राहुल गांधी प्रियंका गांधी ने संगठन को मज़बूत करने के लिए कई ज़रूरी दिशा निर्देश दिए हैं।

# भजनलाल ने की केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान पर चर्चा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल से मुलाकात कर 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जल संचय के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए 'कर्मभूमि से मातृभूमि' कार्यक्रम की पहल की गई है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत प्रवासी बंधुओं की जनभागीदारी के माध्यम से मातृभूमि के विकास में योगदान के रूप में राजस्थान राज्य में भूजल स्तर में बढ़ोतरी के लिए 45 हजार ट्यूबवेल रिचार्ज स्ट्रक्चर का निर्माण होगा। यह अभियान प्रदेश में वाटर रिचार्ज के क्षेत्र में वरदान



साबित होगा। उल्लेखनीय है कि इस अभियान के अंतर्गत राजस्थान, मध्यप्रदेश व बिहार के प्रवासी बंधुओं की ओर से भूजल पुनर्भरण के लिए आधुनिक रिचार्ज शाफ्ट्स का निर्माण करवाया जाएगा, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि होगी व जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

# मुख्यमंत्री का आठवां संकल्पः 'राइजिंग राजस्थान' में प्रत्येक जिले के विशिष्ट उत्पादों को मिलेगी पहचान : भजनलाल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट को सफल बनाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रयास तेज कर दिए हैं। उन्होंने इसको सफल बनाने के लिए गुरुवार को आठवां संकल्प लिया। काबिले गौर है पुण्य मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट को सफल बनाने के लिए 10 दिनों तक प्रत्येक दिन एक नए संकल्प लेने की पहल की है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने गुरूवार को आठवां संकल्प लेते हुए कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में प्रदेश के हर जिले के विशिष्ट उत्पादों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने के लिए उपहार स्वरूप दिया जाएगा।

# रूसी राष्ट्रपति भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुरीद, जमकर तारीफ़

एजेंसी

**मास्को(एजेंसी.)।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार की लघु व मध्यम आकार के उद्यमों (एसएमई) के लिए स्थिर परिस्थितियां बनाने के लिए सराहना की और भारत में रूसी मैन्यूफैक्चरिंग साइट स्थापित करने की पेशकश की।


मॉस्को में 15वें वीटीबी निवेश फोरम में बोलते हुए राष्ट्रपति पुतिन ने बाजार से बाहर हो चुके पश्चिमी ब्रांडों की जगह नए रूसी ब्रांडों के उदय का भी उल्लेख किया, उन्होंने उपभोक्ता वस्तुओं, आईटी, उच्च तकनीक और कृषि जैसे क्षेत्रों में स्थानीय रूसी निर्माताओं की सफलता का उल्लेख किया।

## मेक इन इंडिया की तरह हमारा आयात प्रतिस्थापन कार्यक्रम

इस दौरान उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि रूस का आयात प्रतिस्थापन कार्यक्रम भारत की मेक इन इंडिया पहल के समान है और कहा कि भारत का नेतृत्व अपने हितों को प्राथमिकता देने की नीति पर केंद्रित है। उन्होंने भारत में रूसी मैन्यूफैक्चरिंग साइट स्थापित करने की भी पेशकश की।

## भारत में मैन्यूफैक्चरिंग साइट बनाने के लिए तैयार हैं

पुतिन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का भी ऐसा ही एक कार्यक्रम मेक इन इंडिया है। यह हमारे कार्यक्रम से काफी मिलता-जुलता है। उन्होंने कहा कि और हम भारत में अपना मैन्यूफैक्चरिंग साइट स्थापित करने के लिए तैयार हैं। साथ ही, भारत की अर्थव्यवस्था में रोसनेफ्ट की तरफ से 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सबसे बड़ा निवेश कुछ समय पहले ही हुआ है। बता दें कि रोसनेफ्ट रूसी संघ की सबसे बड़ी तेल उत्पादक कंपनी है।



## भारतीय नेतृत्व देश को प्राथमिकता देने की नीति पर

रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री और भारत सरकार स्थिर स्थितियां बना रहे हैं और ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय नेतृत्व भारत को प्राथमिकता देने की नीति पर चल रहा है और हमारा मानना है कि भारत में निवेश लाभदायक है। राष्ट्रपति पुतिन ने एसएमई के विकास को समर्थन देने के लिए ब्रिक्स देशों के बीच अधिक सहयोग का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मैं ब्रिक्स निगम के लिए जिम्मेदार सहयोगियों से सहयोग के मुख्य क्षेत्रों पर स्थिति का विश्लेषण करने के लिए कहूंगा और हम निश्चित रूप से ब्राजील के सहयोगियों का ध्यान आकर्षित करेंगे जो अगले साल ब्रिक्स की अध्यक्षता करेंगे।

CMYK



## शहर में महाआक्रोश रैली का किया आयोजन

जयपुर टाइम्स

**अलवर।** बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में अलवर शहर में महाआक्रोश रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल ने किया इसके अलावा शहर के गणमान्य लोग में हरमीत सिंह मेहंदीरता, परमजीत सिंह गोगिया रमेश जुनेजा, राकेश सेठी, रमन गुलाटी, मधुर हर्ष भाटिया, ष्ट विशाल वाधवा, अशोक गुप्ता, राजेंद्र कसाना, राजेंद्र शर्मा, मोहित डूडेजा और अन्य बहुत से लोगों ने इस आक्रोश रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, रैली की शुरुआत जय कॉम्प्लेक्स परिसर से काशीराम चौराहे से होते हुए घंटाघर, होप सर्किल, बजाज बाजार, सराफा बाजार होते हुए रैली का समापन जगन्नाथ जी के मंदिर पर जाकर हुआ तथा वहां पर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एडीएम साहब को सोपा गया मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था ताकि कोई अप्रिय घटना घटित ना हो, महा आक्रोश रैली की शुरुआत तथा समापन पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण तरीके से हुआ।



## सरस डेयरी प्रबंध संचालक ने जिले के पशुपालक दुग्ध दाताओं की बैठक की

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सरस डेयरी के प्रबंध संचालक सुरेश कुमार सेन द्वारा जिले के पशुपालक दुग्ध दाताओं की मीटिंग बुलाकर दुग्ध दाताओं को दूध संकलन कार्य में आ रही समस्याओं के निस्तारण हेतु उचित कदम उठा कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। सेन ने बताया कि दूध संकलन कार्य को कैन लेस कर समितियों पर बीएमसी स्थापित कर दुग्ध संकलन किया जावेगा इसके लिए इच्छुक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों से दुग्ध संघ द्वारा जारी फॉर्मेट में आवेदन मांगे गए हैं। प्रबंध संचालक सुरेश कुमार सेन ने बताया कि एनडीडीबी प्रोजेक्ट के तहत अलवर दुग्ध संघ को बीएमसी आवांटित करने बाबत प्रोजेक्ट रिपोर्ट भेजी हुई है। शीघ्र ही आंवाटित बीएमसीयों को समितियों पर स्थापित करने की कार्यवाही शुरू की जावेगी जिससे आने वाले समय में पशुपालक/दुग्ध दाताओं के दूध की गुणवत्ता बनी रहेगी इससे आम उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्तावान दुग्ध एंव दुग्ध उत्पाद मिल सकेंगे। जिससे बाजार में सरस की साख कायम रहेगी।

## सामान्य चिकित्सालय परिवार द्वारा एक सौ पचास कंबल वितरण कार्यक्रम किया आयोजित , मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं - पुष्पराज शर्मा



**अलवर(निसं.)।** सामान्य चिकित्सालय नर्सिंग परिवार कि तरफ से कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील चौहान एवं राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ भामसं जिलाध्यक्ष पुष्पराज शर्मा द्वारा शुभारंभ किया गया। इसमें सामान्य, महिला एवं शिशु चिकित्सालय, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर जरुरतमन्द व्यक्तियों को कंबल दिए गए। जिसमें पुष्पराज शर्मा ने बताया कि मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। इस कार्यक्रम में अजय सोनी, मुकेश शर्मा, नारायण चौधरी, रमेश गुप्ता, महेश चंद्र शर्मा, संविदा समिति सचिव यश जोशी, सिद्धार्थ दाहिया, उत्सव शर्मा, यक्ष जोशी, कुश पाराशर, मनोज अग्निनोत्री आदि मौजूद रहे।

### सडक सुरक्षा एवं जीवन रक्षा अभियान का समापन कार्यक्रम हुआ आयोजित

# जिला कलक्टर ने अभियान के तहत आयोजित क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिले में सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सडक सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार हेतु जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए गए 11 दिवसीय सडक सुरक्षा एवं जीवन रक्षा कार्यक्रम का जिला कलक्टर सभागार में समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने अभियान के तहत आयोजित क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। जिला कलक्टर ने जिले में आयोजित किए गए सडक सुरक्षा एवं जीवन रक्षा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा की गई कार्रवाई एवं गतिविधियों की सराहना करने हेतु सभी हितधारक विभागों का आभार जताया। साथ ही सभी का जीवन सुरक्षित रहे के ध्येय को साकार करते हुए इस प्रकार के आयोजन आगे भी जारी रखने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को सडक सुरक्षा की शपथ दिलाई। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि 11 दिवसीय अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन कर संचालित वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस विभाग द्वारा 1315 चालान एवं परिवहन विभाग द्वारा 223 चालान बनाए गए तथा संयुक्त रूप से 1992 वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई। कार्यक्रम के अंतर्गत परिवहन विभाग, यातायात पुलिस एवं रेड कॉस सोसायटी द्वारा विभिन्न विद्यालयों में सेमिनार आयोजित कर 3620 विद्यार्थियों एवं आमजन को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करते हुए करीब 2970 सडक सुरक्षा जानकारी पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। उन्होंने अभियान के तहत किए गए कार्य एवं गतिविधियों की पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी।

### इन्हें किया गया सम्मानित

जिला कलक्टर द्वारा सडक सुरक्षा एवं जीवन रक्षा अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों में आयोजित सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में यशवन्त स्कूल की छात्रा दीक्षा नायक को प्रथम व छात्र अमन कोली को द्वितीय स्थान, सेंट एंसलम स्कूल के छात्र यश कुमार को प्रथम व रेहान खान को द्वितीय स्थान, नवीन स्कूल मालाखेडा के छात्र सुनील बसवाल को प्रथम व छात्रा रवीना चौधरी को द्वितीय स्थान तथा सडक सुरक्षा चित्रकला प्रतियोगिता में ज्योति बाल विद्या मंदिर थानागाजी की छात्रा भूमिका सैनी को प्रथम व छात्र केशव जांगिड को द्वितीय स्थान, जय दुर्गा स्कूल राजगढ के छात्र कुनाल शर्मा को प्रथम व भावेश मीना को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही अतिरिक्त ऐसे विद्यालय जिनमें सडक सुरक्षा प्रतियोगिता आयोजित की गई के प्रधानाचार्यों, यातायात पुलिस से हैड कानिस्टेबल भजनलाल, हरीशपाल, बिजेन्द्र सिंह एवं बलराम, परिवहन निरीक्षक मुकेश कुमार मीणा एवं समुन्द्र सिंह कोठारी एवं रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी गिरीश गुप्ता एवं डॉ. कुमुद गुप्ता को सडक सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर पुस्कृत किया।

## विस्थापितों के गांव पहुंचे जिला कलक्टर





जयपुर टाइम्स

**खैरथल(निसं.)।** जिला कलक्टर किशोर कुमार ने गुरुवार को तिजारा उपखंड के रुंध गांव में सरिस्का से विस्थापित हुए ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने 9 दिसंबर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के उद्घाटन का जिला स्तर पर लाइव टेलीकास्ट की तैयारियों का निरीक्षण किया।

### विस्थापितों की समस्याओं पर कलेक्टर की गंभीरता

सरिस्का से विस्थापित होकर रुंध गांव में बसे 198 ग्रामीण लंबे समय से राजस्व, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं की समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ग्रामीण ओमकार सिंह ने बताया कि विस्थापन के बाद से खातेदारी अधिकार न मिलने से कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर जिला कलेक्टर ने कहा कि समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। ग्रामीण रतिराम ने बिजली कनेक्शन न होने की समस्या बताई, जिससे उन्हें अत्यधिक परेशानी हो रही है। इस पर कलेक्टर ने मौके पर ही विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश देकर जल्द से जल्द बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने का आदेश दिया।इस दौरान डीएफओ जगदीश दहिया, तहसीलदार कृष्ण कुमार, स्थानीय पटवारी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष्य में शिविर एवं रैली आयोजित

# विशेष योग्यजन को स्व रोजगार हेतु ऋण लेने का अधिकार - खान

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश (जिला जज) हरेंद्र सिंह के आदेश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहन लाल सोनी के आदेश पर अंतर्राष्ट्रीय विशेष योग्यजन दिवस के उपलक्ष्य में परमार्थम दिव्यांग एवं जनकल्याण संस्थान नया बास अलवर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के पी एल वी मुस्तफा खान के द्वारा बताया गया कि मानसिक एवं शारीरिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों को भी सामान्य नागरिकों की भांति मौलिक, संवैधानिक एवं गरिमा पूर्ण जीवन जीने का अधिकार है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली नालसा (ह्रस्र्)ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 4(ड्ढ) के अंतर्गत अपने अधिकार से मानसिक रोगी और मानसिक अशक्ताग्रस्त व्यक्तियों को विधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए वर्ष 2010 में एक योजना बनाई थी।

पी एल वी मुस्तफा खान ने बताया कि दिव्यांग व्यक्तिओं को समाज की मुख्य धारा में सम्मिलित करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा स्व रोजगार ऋ़ण योजना संचालित की जा रही है तथा मानसिक एवं शारीरिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों को भी सामान्य नागरिक की भांति विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 12 के तहत न्यायालय में संस्थित एवं लंबित प्रकरणों में विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मुफ़्त कानूनी सलाह एवं सहायता प्राप्त करने का अधिकार है।



पी एल वी मुबीन खान ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा सभी नागरिकों की सुविधा एवं सहायता हेतु टोल फ्री नंबर 15100 जारी किया है। एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा 9928900900 टोल फ्री नंबर जारी किया है।

शिविर के पश्चात दिव्यांग व्यक्तिओं के द्वारा ट्राई साइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसे चंद्र प्रभु विकलांग कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष हरीश कालरा एवं विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के पी एल वी मुस्तफा खान के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया रैली नयाबास से होती हुई लाल डिग्गी चौराहा, गायत्री मंदिर, पुलिस कंट्रोल एवं अलवर शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई नयाबास स्थित जनकल्याण संस्थान के कार्यालय पर संपन्न हुई। इस अवसर पर सामान्य नागरिक एवं परमार्थम दिव्यांग एवं जनकल्याण संस्थान के अध्यक्ष अशोक नागर एवं सचिव भवानी शर्मा एवं सैकडों दिव्यांग उपस्थित रहे।

### सबको बीमा अभियान के तहत रैली हुई आयोजित

## बीमित अलवर, सुरक्षित अलवर थीम पर पोस्टर का किया गया विमोचन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कायथवाल ने अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवी दिवस के अवसर पर अलवर जिले में **सबको बीमा अभियान** का शुभारम्भ शहीद स्मारक से हर राह में साथ बीमा का हाथ बीमित अलवर सुरक्षित अलवर रैली के हरी झण्डी दिखाकर एवं बीमित अलवर, सुरक्षित अलवर थीम के पोस्टर का विमोचन कर किया। इस अवसर पर दो प्रेरक गानों का भी विमोचन किया गया जिनका संदेश हर नागरिक को बीमित करना है। रैली पुलिस कंट्रोल रूम होप सर्कस होते हुए शहीद स्मारक तक आयोजित की गई। इस दौरान बडी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों, सामजिक संगठन, व्यापारिक संगठन एवं आमजन ने रैली में भाग लेकर सबको बीमा का संदेश दिया। एडीएम प्रथम कायथवाल ने बताया कि यह रैली सबको बीमा अभियान के तहत बीमित अलवर, सुरक्षित अलवर के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आयोजित की गई है। उन्होंने आमजन से अपील है कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने परिवार, मित्र, सहकर्मियों और कामगारों को बीमा योजनाओं से जोड़कर सभी को सुरक्षित बनाएं। यह कदम न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन को सुरक्षित बनाएगा, बल्कि एक सुरक्षित अलवर के निर्माण में योगदान देगा। आइए, मिलकर इस ऐतिहासिक बीमा आंदोलन का हिस्सा बनें और बीमित अलवर सुरक्षित अलवर के सपने को साकार करें।राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. संजीव कुमार दास ने बताया कि यह अभियान हर व्यक्ति को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास है।उन्होंने कहा कि प्रत्येक सरकारी कर्मचारी जो अलवर जिले से सम्बन्ध रखते है से आव्हाहन किया जा है कि 26 जनवरी 2025 तक सुरक्षा संगम पहल के तहत कम से कम 10 व्यक्तियों को बीमित करने में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 575 एनजीओ के सहयोग से इसे ग्राम पंचायत स्तर तक पहुंचाया गया है तथा 1 जनवरी 2025 को झाड़डा ग्राम को शत-प्रतिशत बीमित घोषित करने और 26 जनवरी 2025 तक 100 गांवों को पूर्ण रूप से बीमित करने का लक्ष्य है। इस दौरान स्काउट गाइड कल्पना शर्मा और यशोदा मठपाल, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस के अधिकारी दयाराम, बजाज एलियांज के प्रतिनिधि वैभव गुप्ता, संयुक्त व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष हरमीत सिंह, अलवर जिला व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रमेश जुनेजा, अशोक आहूजा सहित सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला निष्पादन समिति की बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में जिला निष्पादन समिति कि बैठक आयोजित हुई जिसमें उन्होंने जिले की रैंकिंग के सभी बिन्दुओं की समीक्षा कर निर्देश दिये कि जिले की रैंकिंग में समन्वित प्रयास कर सुधार करें।

जिला कलक्टर ने शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावी मॉनिटरिंग कर जिले के शिक्षा के स्तर को अग्रणी जिलों की श्रेणी में लाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा में आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के साथ विद्यालय में भौतिक संसाधनों व सहशिक्षण सामग्री की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करावे। उन्होंने जिले की आईटीसी लैब की समीक्षा कर निर्देश दिये कि 197 विद्यालयों में संचालित कम्प्यूटर लैब में से प्रथम चरण में 32 आईटीसी लेब को एक माह में पूर्णतः क्रियाशील करावे। तथा सभी विद्यालयों से इन लैब्स की वर्तमान स्थिति का नोट भिजवाए। उन्होंने सीडीईओ को निर्देश दिये कि जिला परिषद से समन्वय कर नरेगा योजना के माध्यम से जिले के चारदिवारी विहीन 176 स्कूलों में चार दीवारी बनाने के प्रस्ताव तैयार करावे तथा इसी प्रकार सरकारी विद्यालयों में खेल मैदान विकसित करने के प्रस्ताव तैयार करावे। जिसमें प्रथम चरण में प्रत्येक ब्लॉक में 5-5 खेल मैदान मय रनिंग ट्रेक की स्वीकृति 1 माह में जारी कराकर कार्य प्रारम्भ करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी ब्लॉक में प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के लिए फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए राजकीय राशि, सीएसआर व दानदाताओं का सहयोग लेवे। जो ब्लॉक सबसे पहले इस कार्य को अर्जित करेगा उन तीन ब्लॉकों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए सभी बाल वाहिनियों की सूची प्रादेशिक परिवहन अधिकारी को तुरन्त उपलब्ध करावे। समन्वय कर 15 दिवस में सभी बाल वाहिनियों के सुरक्षा संबंधित सभी पैरामीटर की जांच कराकर उन पैरामीटर पर खरी उतरने वाली बाल वाहिनियों को ही संचालित करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि पीटीएम में अधिकाधिक अभिभावकों की न केवल उपस्थिति सुनिश्चित करावे बल्कि उनसे शैक्षणिक स्तर आदि में सुधार के सुझाव भी लेवे। उन्होंने निर्देश दिये कि राज्य में जिले की रैंकिंग अव्वल जिलों में शामिल करने के लिए सभी पैरामीटरों पर गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिये कि विद्यार्थियों की अपार आईडी का शत-प्रतिशत रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करावे। विद्यालयों में रखे अनुपयोगी सामग्री को नीलाम करावे तथा विद्यालय का रंगरोगन आदि कार्य करावे। उन्होंने कहा कि शैक्षिक व भौतिक स्तर में वृद्धि करने हेतु नवाचार करने वाले अधिकारियों व संस्था प्रधानों को सम्मानित किया जाएगा तथा कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व संस्था प्रधानों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जावेगी।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
06 दिसम्बर, 2024



## बरड़ोती में जनसुनवाई का तहसीलदार ने किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** कस्बे के समीपवर्ती ग्राम पंचायत बरडोटी में गुरुवार को राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्राम स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन सरपंच मूलचंद गुर्जर की अध्यक्षता में किया गया। जनसुनवाई में तहसीलदार कृष्णा शर्मा ने निरीक्षण किया और मौके पर ही परिवाद प्राप्त किए गए। कनिष्ठ सहायक रूपनारायण कुमावत ने बताया कि ग्राम स्तरीय जनसुनवाई में छ परिवाद प्राप्त किए। घासी खा ग्राम झपोक की पुत्री रेशमा बानो और बाबू खा के पुत्र समीर मोहम्मद का जन्म प्रमाण पत्र देखकर मौके पर ही परिवाद का निस्तारण किया गया। परिवादी छोटू मोहम्मद ने रोड के किनारे से बबुल हटाने और श्योजी राम कुमावत ने पीएचडी विभाग की जर्जर टंकी को हटाने तथा भंवरी देवी और विनोद कुमार परिवाद संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया। इस मौके पर पटवारी बबीता वर्मा, पशु सहायक सुरेश कुमार कुमावत, सामुदायिक चिकित्सा अधिकारी राधा चौधरी, एएनएम कस्तूरी शर्मा, वार्ड पंच छोटू मोहम्मद, बोदूराम यादव, लालाराम गुर्जर, पूरणमल वर्मा, कनिष्ठ तकनीकी सहायक हरिओम यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता देवी, कमला देवी सहित आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनाः दस्तावेज़ अपडेट कर आवेदन करें

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कोचिंग संस्थाओं के पंजीकरण का कार्य जारी है। इसके लिए इच्छुक और पात्र पंजीकृत कोचिंग संस्थान 20 नवंबर से शुरू हुए पोर्टल पर 15 दिसंबर तक अपने प्रस्ताव जमा कर सकते हैं।निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव बचनेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि योजना के तहत निःशुल्क कोचिंग का लाभ उठाने के लिए अभ्यर्थियों को जनाधार और डिजी-लॉकर पर अपने दस्तावेज़ अद्यतन कराना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र, 10वीं और 12वीं की अंकतालिकाएं समय पर डिजी-लॉकर में अपलोड कर लें, ताकि आवेदन के समय यह डेटा ऑटो-फेच हो सके।

अभ्यर्थियों के लिए पोर्टल जल्द ही खोला जाएगा, जिससे वे ऑनलाइन आवेदन कर सकें। इस योजना का उद्देश्य योग्य छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रदान करना है। अग्रवाल ने संस्थानों और छात्रों से इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। सरकार की इस पहल से जरूरतमंद छात्रों को लाभ मिलेगा और प्रतियोगी परीक्षाओं में उनकी सफलता की संभावनाएं बढ़ेंगी।

## नगर निगम ग्रेटर की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से एरियल केबल हटाने की कार्यवाही की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देश पर गुरूवार को नगर निगम ग्रेटर की टीमों द्वारा अनाधिकृत एवं नियम विरूद्ध लगाई गई एरियल केबल एवं अनाधिकृत स्वःनिर्मित पोल्स को हटवाने संबंधी कार्यवाही की गई।राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के आयोजन के दृष्टिगत शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिये नगर निगम ग्रेटर लगातार प्रयास कर रहा है। इसी के तहत गुरूवार को सुबह 10 बजे से ही गांधी सर्किल से झालाना बायपास होते हुए बालाजी मोड़, जे.ई.सी.सी. से महल रोड़ वाया द्वारिकापुरी व अन्य मार्गो से नगर निगम ग्रेटर की टीमों द्वारा कार्यवाही शुरू की गई। मालवीय नगर जोन, सांगानेर जोन, जगतपुरा जोन में यह कार्यवाही उपायुक्त राजस्व प्रथम, लाईन्सेस, होर्डिग शाखा, गैराज शाखा, विद्युत शाखा एवं सतर्कता शाखा द्वारा संयुक्त रूप से की गई। आयुक्त बताया कि विभिन्न टेलीकॉम प्रदाता कम्पनी एवं अन्य डिजिटल केबल सर्विस प्रोवाइडर द्वारा नगर निगम के विद्युत पोल्स पर लगाई गई अवैध एरियल केबल एवं अवैध क्रॉसिंग को संयुक्त टीमों द्वारा अभियान चलाकर हटाया गया। इसके साथ ही ऐसे स्थानों पर विजिलेंस टीम द्वारा गश्त भी करवाई जायेगी। जिससे अवैध केबल लगने की पुनरावृत्ति ना हो सके।



उन्होंने बताया कि विभिन्न कम्पनियों द्वारा बिना अनुमति के लगाये जाने वाली एरियल केबल को हटाने की कार्यवाही के साथ ही संबंधित सेवा प्रदाता कम्पनी के विरूद्ध विधिक कारवाई की जाती रहेगी।

# 'मेरे गांव की मिट्टी' अभियान का शुभारंभ रसायनमुक्त खेती पर जोर

जयपुर टाइम्स

जयपुर। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी ने गुरुवार को अपने दिल्ली स्थित आवास से मेरे गांव की मिट्टी-शुद्ध उगाओ, शुद्ध खिलाओ अभियान की शुरुआत की। इस अभियान की पहल मसाला कंपनी एमडीएच ने की है। इसका उद्देश्य किसानों को पेस्टीसाइड के दुष्परिणामों से अवगत कराना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण तथा पेस्टीसाइडमुक्त फसलें उगाने के लिए प्रेरित करना है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते दस वर्षों में किसानों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि अब यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि किसान फसल की गुणवत्ता पर ध्यान दें। %मेरे गांव की मिट्टी% जैसी पहल न केवल किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेगी, बल्कि उनके खेतों की उर्वरता और उत्पादकता को भी बनाए रखेगी। रसायनमुक्त खेती से किसानों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभ मिलेगा। यह अभियान पेस्टीसाइड के प्रयोग को कम करने और स्वस्थ कृषि उत्पाद उगाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करेगा।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि दुनिया अब ऑर्गेनिक उत्पादों की ओर देख रही है। पेस्टीसाइडमुक्त उत्पादों की बढ़ती वैश्विक मांग को देखते हुए यह अभियान किसानों के लिए जागरूकता और मार्गदर्शन का एक महत्वपूर्ण साधन बनेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि



उत्पादों का निर्यात वर्तमान में 55 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है, जिसमें मसालों का योगदान लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस तरह के अभियानों से भारतीय मसाला उद्योग 2030 तक 20 अरब डॉलर का लक्ष्य प्राप्त कर सकता है। राजस्थान के किसानों के लिए यह अभियान विशेष महत्व रखता है। यहां उगाए जाने वाले जीरा, धनिया, लाल मिर्च और अन्य मसालों की गुणवत्ता को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में यह पहल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एमडीएच के सदस्य श्री प्रेम अरोड़ा ने बताया कि उनकी कंपनी पेस्टीसाइडमुक्त मसालों को ही प्रोसेस करती है और किसानों को इस दिशा में प्रेरित करने के लिए सतत प्रयासरत है। कार्यक्रम में नागौर के श्री सुरेश राठी, स्पाईस बोर्ड ऑफ इंडिया के श्री दिनेश बिष्ट, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के श्री हेमंत गुप्ता, और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। यह अभियान किसानों को जैविक खेती को अपनाने और वैश्विक बाजार में अपनी पहचान मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगा।

**राज्य सरकार की प्रथम वर्षगांठ**

# प्रदेशभर में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का होगा आयोजन

### 37 प्रकार की जांच निःशुल्क उपलब्ध होंगी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरदर्शी सोच और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं मे अभूतपूर्व सुधार और नवाचार हो रहे हैं। राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर की पहल पर प्रदेशभर में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

शिविरों का आयोजन 15 दिसम्बर, 2024 से 31 जनवरी, 2025 तक सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर किया जाएगा। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए है। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों के साथ समुचित समन्वय करते हुए शिविरों में आमजन की अधिकाधिक भागीदारिता सुनिश्चित करने तथा आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### विशेषज्ञ चिकित्सकों से मिलेगा परामर्श

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि इन शिविरों में एलोपैथी के साथ ही आयुष पद्धति के माध्यम से भी रोगों का निदान एव उपचार किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा टेलीकंसल्टेशन से भी नागरिकों को लाभान्वित किया जाएगा। गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, बच्चों का टीकाकरण, असंक्रामक रोग यथा डायबिटीज, हाइपरटेंशन, कॉमन कैंसर एवं अंधता रोगियों की स्क्रीनिंग की जाएगी। मरीज को आवश्यकता होने पर एम्बुलेंस के माध्यम से उच्च चिकित्सा संस्थान पर ले जाकर भी उपचारित किया जाएगा। इन सभी शिविरों में 37 प्रकार की जांच सुविधा निःशुल्क उपलब्ध होंगी।

### ब्लॉक स्तर फोलोअप, जिला स्तर पर रेफरल शिविर

गुणवत्तापूर्ण एवं समग्र उपचार की दृष्टि से पंचायत समिति मुख्यालयों पर फोलोअप एवं जिला स्तर पर रेफरल शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# सांभर पंचायत समिति में विमुक्त- अर्ध घुमंतू शिविर में 36 पट्टे बांटे



जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** जिला कलेक्टर जयपुर के आदेशानुसार सांभर पंचायत समिति में बुधवार को विमुक्त घुमंतू व अर्ध घुमंतु जातियों के परिवारों को लाभान्वित करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपखंड अधिकारी सुमन चौधरी, विकास अधिकारी भागीरथ मल मीणा, तहसीलदार कृष्णा शर्मा, प्रधान सहदेव गुर्जर के आतिथ्य में शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें घुमंतु, अर्ध घुमंतु के 36 परिवारों को पट्टा वितरण किया गया और शिविर में 14 जनआधार, 11 आधार कार्ड, 9 पेंशन स्वीकृत की गई और 2 राशन कार्ड 5 जाति प्रमाण पत्र, एक जन्म प्रमाण पत्र और 35 निशुल्क दवाई वितरण किट जारी किए गए।

इस मौके पर अतिरिक्त विकास अधिकारी महावीर सिंह, सहायक विकास अधिकारी राकेश बेनीवाल, सामाजिक अधिकारिता न्याय विभाग के कैलाश चौधरी, पटवारी बबीता वर्मा, नेमीचंद कुमावत, कोमल सैनी, त्योद सरपंच हरदेवराम चौधरी, श्रीरामपुरा सरपंच लक्ष्मण लाल वर्मा, हबसपुरा सरपंच पुरुषोत्तम मीणा, सीतारामपुरा सरपंच हरिराम वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी मनीष कुमार प्रजापत, दीपक कुमार, महेंद्र चारण, कनिष्ठ सहायक रूपनारायण कुमावत, नोरत वर्मा आदि मौजूद रहे।



# भूगोल के लिए उत्कृष्ट 'पहल' पुस्तक का मंत्री गहलोत ने किया विमोचन

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** कस्बे निवासी असिस्टेंट प्रोफेसर बालकिशन मालाकार, प्रधानाचार्य टीकमचंद मालाकार, उप प्रधानाचार्य डॉ. रामकिशन सैनी, सरिता सैनी व असिस्टेंट प्रोफेसर लक्ष्मी सैनी की ओर से स्कूल व्याख्याता भूगोल के लिए शानदार पुस्तक **पहल** लिखी गई है। इसका विमोचन सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने किया। इस दौरान मंत्री गहलोत ने कहा कि यह पुस्तक भूगोल के विद्यार्थियों के लिए विशेष उपादेय साबित होगी। इस अवसर पर सैनी ब्रदर्स के पिता शंभू दयाल माली, टीकम अजमेरा, श्याम सोलंकी, पूर्व विधायक मकराना रुपाराम मुरावतिया, गुमान सिंह गहलोत, अरुण सांखला आदि उपस्थित रहे। बता दें कि इस पुस्तक में भूगोल के नवीनतम स्त्रोत, सटीक जानकारी, उम्दा तथ्यों को सम्मिलित किया गया जो विद्यार्थियों के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगी। काबिले गौर है कि असिस्टेंट प्रोफेसर बालकिशन मालाकार, प्रधानाचार्य टीकमचंद मालाकार, उप प्रधानाचार्य डॉ. रामकिशन सैनी, सरिता सैनी व असिस्टेंट प्रोफेसर लक्ष्मी सैनी भाई बहिन है शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार कर रहे हैं। वहीं टीकमचंद मालाकार महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम राजकीय दरबार उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं जो बेहतरीन शैक्षणिक प्रबंधन के चलते कई पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं।

## नगर निगम ग्रेटर द्वारा आयोजित जयपुर समारोह के अन्तर्गत 7 दिसम्बर 2024 को आयोजित होगा कवि सम्मेलन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)।** जयपुर समारोह-2024 की श्रृंखला के अन्तर्गत नगर निगम ग्रेटर द्वारा 7 दिसम्बर को कवि सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। जिसमें 10 से भी अधिक कवियों द्वारा प्रस्तुतियां दी जायेगी। अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार ने बताया कि जयपुर समारोह-2024 के अन्तर्गत 7 दिसम्बर 2024 को राम लीला मैदान, न्यूगेट पर सायं 6 बजे से कवि सम्मेलन आयोजित किया जायेगा जिसमें हास्य सम्राट जानी बैरागी, लाफ्टर चैंपियन सुरेश अलबेला, राजस्थानी गीतकार दुर्गादान गौड़, कवयित्री नेहा शर्मा, किशोर पारीक किशोर, देवकरण मेघवंशी, दीपा सैनी, रोहित चौधरी एवं शंकर शिखर प्रस्तुति देगे।

# रोडवेज प्रबंधन का सख्त एक्शन, 7 भ्रष्ट कार्मिकों पर की कार्यवाही

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** रोडवेज प्रबंधन बसों में बेटिकट यात्री मिलने या भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने वाले कार्मिकों पर सख्त एक्शन ले रहा है। ऐसे कार्मिकों को निलंबित करने के साथ एपीओ करने जैसी कार्यवाही की जा रही है। उप मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा के निर्देश पर रोडवेज बसों के राजस्व अर्जन में वृद्धि एवं आमजन को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं, वहीं भ्रष्ट कार्मिकों पर कार्यवाही भी की जा रही है। प्रबंध निदेशक श्री पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि वाहन में बेटिकट यात्री मिलने एवं भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए विभिन्न आगारों के ऐसे 7 कार्मिकों पर एक्शन लिया गया है। विद्याधर नगर, बारां, अनूपगढ़, लोहागढ़ आगार के चार परिचालकों को वाहन के निरीक्षण के दौरान बिना टिकट यात्रा करवाने के गंभीर प्रकरण पाए जाने के कारण अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए निलंबित किया गया है। दिल्ली आगार के दो सहायक यातायात निरीक्षकों और मत्स्य नगर आगार के परिचालक को पदस्थापन आदेशों की प्रतीक्षा में रखा गया है। उन्होंने कहा कि निगम अध्यक्ष श्रीमती शुभ्रा सिंह की पहल पर रोडवेज प्रबंधन द्वारा की जा रही सख्त कार्यवाहियों के परिणाम स्वरूप रोडवेज की आय में वृद्धि हो रही है और यात्री भार के मामले में भी रोडवेज नए रिकॉर्ड बना रहा है।

# एम-सेण्ड इकाइयों की स्थापना के लिए ई-नीलामी जल्द, निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान खान एवं भूविज्ञान विभाग इसी माह के अंत तक एम-सेण्ड इकाइयों की स्थापना के लिए प्लॉटों की ई-नीलामी प्रक्रिया शुरू करेगा। विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि नई एम-सेण्ड नीति के तहत प्लॉट तैयार कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश फील्ड अधिकारियों को दिए गए हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा नई एम-सेण्ड पॉलिसी जारी किए जाने के बाद विभाग ने एक्शन मोड में काम शुरू कर दिया है। एम-सेण्ड को बजरी का सस्ता और सहज विकल्प मानते हुए इसकी इकाइयों को उद्योग का दर्जा दिया गया है। साथ ही, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (रिप्स) में विशेष रियायतें दी गई हैं। इस पहल से प्रदेश में न केवल एम-सेण्ड का उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि निवेश और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। रविकान्त ने बताया कि नई नीति का उद्देश्य नदियों से बजरी की आपूर्ति पर निर्भरता कम करना, पारिस्थितिकीय तंत्र को सुधारना और खनन क्षेत्र के आवरबर्डन का बेहतर उपयोग करना है। एम-सेण्ड इकाइयों की स्थापना में आसानी के लिए पात्रता में रियायत दी गई है, जैसे 3 साल का अनुभव और 3 करोड़ के टर्नओवर की बाध्यता समाप्त कर दी गई है। सरकारी निर्माण कार्यों में बजरी की मांग के लिए 50 प्रतिशत एम-सेण्ड उपयोग अनिवार्य किया गया है। राज्य सरकार का लक्ष्य एम-सेण्ड के उत्पादन में प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी करना और सरकारी परियोजनाओं में 25 प्रतिशत एम-सेण्ड का उपयोग सुनिश्चित करना है। नई नीति से आम नागरिकों को सस्ती और सहज एम-सेण्ड उपलब्ध कराते हुए पर्यावरणीय संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

# आयुर्वेदिक औषधि मानकीकरण पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी, राज्यपाल ने दिया शोध और प्रसार पर जोर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि आयुर्वेद के भारतीय ज्ञान को युगानुकूल बनाते हुए इसका वैश्विक प्रसार किया जाए। उन्होंने आयुर्वेदिक औषधियों पर शोध, पेटेंट और प्रमाणीकरण के साथ-साथ असाध्य रोगों में उनके उपयोग के परीक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।

राज्यपाल गुरुवार को जोधपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित आयुर्वेदिक औषधि मानकीकरण-चुनौतियां और समाधान' विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक औषधियों की ब्रांडिंग और पैकेजिंग इस प्रकार की जानी चाहिए, जिससे वे उपयोगकर्ताओं को आकर्षित कर सकें। साथ ही, औषधियों के विपणन के लिए कारगर नीतियों पर भी कार्य करना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि भारत के प्राचीन आयुर्वेदिक ज्ञान, जिसे आत्रेय, चरक, और सुश्रुत जैसे महान विद्वानों ने विकसित किया, को सुनियोजित तरीके से वैश्विक स्तर पर ले जाया गया और उसमें कुछ बदलाव कर उसे अपनाने के प्रयास हुए। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि भारत की दुर्लभ औषधियों और पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित करने के लिए उनके पेटेंट पर कार्य किया जाए। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि बख्तियार खिलजी द्वारा नालंदा पुस्तकालय को जलाने के बावजूद भारतीय ज्ञान को मिटाया नहीं जा सका।




उन्होंने आयुर्वेदाचार्यों से आग्रह किया कि वे प्राचीन ग्रंथों और जड़ी-बूटियों के महत्व को संरक्षित और सुलभ कराएं। इसके साथ ही, आयुर्वेदिक औषधियों के स्वास्थ्यवर्धक गुणों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

इस अवसर पर राज्यपाल ने राष्ट्रीय आयुर्वेद विश्वविद्यालय के अंतर्गत बने होम्योपैथी महाविद्यालय के नए भवन का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद को आधुनिक अनुसंधान के साथ जोड़ा जाए, ताकि यह चिकित्सा पद्धति नई चुनौतियों का समाधान बन सके। संगोष्ठी में देश-विदेश के विशेषज्ञ और आयुर्वेदाचार्य उपस्थित रहे। यह आयोजन आयुर्वेदिक चिकित्सा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और इसे वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के उद्देश्य से किया गया।

## सुविचार

कचरे में फेंकी रोटियां रोज ये बयां करती है कि पेट भरते ही लोग अपनी हैसियत भूल जाते है।

## संपादकीय .....

# सरहद पार से साजिश?

उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद-हरिहर मंदिर सर्वेक्षण संबंधी विवाद के दौरान भड़की हिंसा के बाद पाकिस्तान निर्मित कारतूस बरामद होने का पुलिस का दावा चौंकाता है। यह कोई सामान्य घटना नहीं है। असामाजिक तत्त्व, उपद्रवी आदि पहले भी हिंसा के दौरान कारतूसों का इस्तेमाल करते रहे हैं, लेकिन वे 'स्थानीय' होते हैं। अगर सरहद पार से ऐसी सामग्री आती है तो यह निश्चित रूप से खतरे की घंटी है। पाकिस्तान हमेशा भारत का अहित चाहता है। वह आतंकवादियों को प्रशिक्षण, हथियार और विस्फोटक सामग्री देकर भारत भेजता रहता है। ऐसे ज्यादातर आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे जाते हैं। भारतीय खुफिया एजेंसियां उनका पता लगाने के लिए मुस्तैद रहती हैं, लेकिन कोई भी प्रणाली 100 प्रतिशत कारगर नहीं हो सकती। अगर पाकिस्तानी कारतूस भारत भेजे गए होंगे तो उन्हें कौन लेकर आया होगा? निश्चित रूप से ऐसी चीजें या तो कोई आतंकवादी लेकर आ सकता है या तस्कर 'मदद' कर सकते हैं। किसी आतंकवादी द्वारा कारतूस लेकर उन्हें यहां तक पहुंचाना आसान नहीं है, तो असंभव भी नहीं है। एलओसी के रास्ते वर्षों से आतंकवादी आते रहे हैं। हो सकता है कि कोई आतंकवादी उस समय भारतीय सुरक्षा बलों के हत्थे नहीं चढ़ा। उसने बाद में अपने किसी मददगार के हाथ उन्हें इधर पहुंचा दिया। हालांकि इस रास्ते में जोखिम बहुत ज्यादा है। यहां से आने वाले ज्यादातर आतंकवादी देर-सबेर ढेर हो ही जाते हैं। वहीं, बांग्लादेश और नेपाल में पाकिस्तान के लिए काम करने वाले तस्कर बहुत सक्रिय हैं।

जिस तरह आतंकवादी अपनी गतिविधियों के संचालन के लिए नेटवर्क खड़ा करते हैं, उसी तरह तस्करों का काम भी नेटवर्क से चलता है। ऐसे में उक्त मामले की गहराई से जांच होने पर ही असली गुनहगारों के साथ उनके मददगार बेनकाब हो सकते हैं। संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के इस बयान के गहरे निहितार्थ हैं कि ये कारतूस 'पाकिस्तान ऑर्डिनेंस' में बने हुए हैं। इन कारखानों में बनने वाली सामग्री पर पाक सरकार और फौज की कड़ी नजर होती है। वहां कार्यरत कर्मचारी स्वेच्छा से कोई चीज बाहर लेकर नहीं जा सकते। ये कारखाने गोलियां, बम और अत्यंत घातक विस्फोटक सामग्री तैयार करते हैं, जिनका इस्तेमाल पाकिस्तानी फौज और अन्य सुरक्षाबलों द्वारा किया जाता है। अगर संभल में इस्तेमाल हुए कारतूसों का संबंध 'पाकिस्तान ऑर्डिनेंस' से है तो इसका साफ मतलब है कि ये वहां की सरकार और फौज की इजाजत से ही यहां आए हैं। इसमें आतंकवादियों या तस्करों ने अपनी भूमिका निभाई होगी, लेकिन वे सिर्फ माध्यम थे। पाकिस्तान में हथियार एवं विस्फोटक सामग्री निर्माण से संबंधित कारखानों में मामूली घुसपैठियों, आतंकवादियों, तस्करों आदि को सीधे प्रवेश की अनुमति नहीं होती है। आईएसआई या फौज के वरिष्ठ अधिकारी उनके आकाओं से संपर्क करते हैं। उसके बाद 'निचले स्तर' पर चीजें पहुंचाई जाती हैं। हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश एटीएस ने काफी संख्या में ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन पर आईएसआई के लिए जासूसी करने का आरोप है। उनमें से कुछ लोग ऐसे भी थे, जो आईएसआई को सैन्य महत्त्व से जुड़े स्थानों के अलावा धार्मिक स्थानों की तस्वीरें भी भेजा करते थे। निश्चित रूप से ये दोनों स्थान देश की सुरक्षा एवं आस्था की दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। वहां उपद्रवी तत्त्वों के पास घातक सामग्री पहुंचना कई समस्याएं खड़ी कर सकता है। उम्मीद है कि भारतीय एजेंसियां हर कोण से जांच कर शांति व भाईचारे के शत्रुओं का पर्दाफाश करेंगी।

## ट्वीटर टॉक



प्रधानमंत्री ने राजस्थान विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक सफलता पर टीम भाजपा राजस्थान को अपनी शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया। प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मुझे जनसेवा और संगठन को और सशक्त बनाने की प्रेरणा देता है।

-मदन राठौड़



इस विशेष दिवस पर देश की जल सीमाओं के सजग प्रहरी, अदम्य साहस और निष्ठा से राष्ट्रसेवा में समर्पित भारतीय नौसेना के वीर जवानों को नमन करती हूँ। आपकी वीरता एवं समर्पण ने देश की समुद्री सीमाओं को सदैव सुरक्षित रखा है।

-वसुंधरा राजे



सरदार शहर में हुई भीषण सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि का समाचार सुनकर मन अत्यंत दुखी है। जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायल नागरिकों के त्वरित चिकित्सीय उपचार सुनिश्चित करने हेतु उचित दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

-भजनलाल शर्मा

## प्रेरक प्रसंग

### मातृभूमि की सुगंध

भगवान श्रीराम ने लक्ष्मण जी को आदेश दिया कि लंका जाकर विभीषण का राजतिलक संपन्न कराओ। लक्ष्मण लंका पहुंचे तो स्वर्णनगरी की अनूठी शोभा तथा चमक-दमक ने उन्हें मोह लिया। लंका की वाटिका के तरह-तरह के सुगंधित पुष्पों को वह काफी समय तक निहारते रहे। विभीषण का विधिपूर्वक राज-तिलक संपन्न कराने के बाद वे श्रीराम के पास लौट आए। उन्होंने श्रीराम के चरण दबाते हुए कहा, 'महाराज लंका तो अत्यंत दिव्य सुंदर नगरी है। मन चाहता है कि मैं कुछ समय के लिए लंका में निवास करूं। आपकी आज्ञा की प्रतीक्षा है।' श्रीराम लक्ष्मण का लंका नगरी के प्रति आकर्षक देखकर बोले, 'लक्ष्मण यह ठीक है कि लंका सचमुच स्वर्गपुरी के समान आकर्षक है, प्राकृतिक सुषमा से भरपूर है, किंतु यह ध्यान रखना कि अपनी मातृभूमि अयोध्या तो तीनों लोकों से कहीं अधिक सुंदर है। जहां मानव जन्म लेता है, वहां की मिट्टी की सुगंध की किसी से तुलना नहीं की जा सकती है।' लक्ष्मण अपनी जन्मभूमि अयोध्या के महत्व को समझ गए। उन्होंने कहा 'प्रभु वास्तव में हमारी अयोध्या तीनों लोकों से न्यारी है।'

## सामयिक

# वाहनों की पार्किंग के संकट से जूझते शहर



भारत में वाहन पार्किंग की समस्या एक महत्त्वपूर्ण शहरी चुनौती है, जो न केवल यातायात के प्रवाह को प्रभावित करती है, बल्कि शहरी जीवन के मूल ढांचे को भी प्रभावित करती है। यह समस्या, तेजी से बढ़ते शहरीकरण, बढ़ते वाहन स्वामित्व और पुरानी शहरी नियोजन के संयोजन से उत्पन्न होती है, जो महानगरीय क्षेत्रों में यातायात प्रबंधन, शहरी नियोजन और जीवन की गुणवत्ता के लिए एक जटिल दुविधा पैदा करती है। शहरों के विस्तार और कार स्वामित्व के अधिक सुलभ होने के साथ, भारतीय शहरी केन्द्रों को वाहनों की बढ़ती संख्या को समायोजित करने में संघर्ष करना पड़ रहा है। पर्याप्त पार्किंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और आज के समय में वाहनों की संख्या के हिसाब से शहरों को डिज़ाइन न किए जाने के कारण बड़े पैमाने पर अवैध पार्किंग होती है। इससे न केवल सड़कें जाम होती हैं, बल्कि पैदल चलने वालों के लिए बनी जगह भी कम पड़ जाती है। कई भारतीय शहरों की स्थापना प्राचीन या औपनिवेशिक काल में हुई थी, लेकिन उनकी योजना आधुनिक यातायात की मांग को ध्यान में रखकर नहीं बनाई गई थी। संकरी गलियाँ और मिश्रित भूमि उपयोग के कारण पार्क किए गए और चलते वाहनों के भार से दबाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त, पार्किंग नियमों का ढीला-ढाला क्रियान्वयन तथा गैर-अनुपालन के प्रति सांस्कृतिक प्रवृत्ति स्थिति को और बिगाड़ देती है, जिससे शहरी स्थान अव्यवस्थित हो जाते हैं।

**भारत में वाहन पार्किंग की समस्या एक जटिल मुद्दा है जिसके लिए बहुआयामी ष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें शहरी नियोजन, नीति सुधार, तकनीकी नवाचार और सांस्कृतिक परिवर्तन शामिल हैं। इस चुनौती से सीधे निपटकर, भारत अपनी शहरी गतिशीलता को बढ़ा सकता है, अपने नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकता है और टिकाऊ शहरी विकास के लिए एक मिसाल क़ायम कर सकता है।**


पार्किंग की समस्या का सीधा परिणाम गंभीर यातायात भीड़ है, जिसके कारण यात्रा का समय बढ़ जाता है, प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है, तथा शहरी जीवन की गुणवत्ता में गिरावट आती है। पैदल चलने वालों को विशेष रूप से परेशानी होती है, क्योंकि पार्क किए गए वाहन अक्सर पैदल चलने के रास्तों पर अतिक्रमण कर लेते हैं, जिससे उन्हें मजबूरन सड़कों पर आना पड़ता है और उनकी सुरक्षा से समझौता होता है। आर्थिक दृष्टि से, पार्किंग की कमी स्थानीय व्यवसायों को प्रभावित करती है, क्योंकि भीड़भाड़ वाली सड़कें ग्राहकों को आकर्षित नहीं करती हैं। पार्किंग स्थल की उच्च मांग से अचल संपत्ति की लागत भी बढ़ जाती है, जिससे हरित स्थलों की क़ीमत पर पार्किंग अवसंरचना के विकास को बढ़ावा मिलने से शहरी विस्तार और पर्यावरण क्षरण को बढ़ावा मिलता है। भारत में मोटर वाहनों से सम्बंधित मामले केंद्र और राज्य दोनों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। हालांकि भारत के शहरों के लिए वाहनों की बढ़ती भीड़ एक उभरती हुई समस्या है, लेकिन ऑटोमोबाइल उद्योग पर प्रतिबंध लगने की कोई संभावना नहीं है, क्योंकि इसकी आर्थिक और रोज़गार देने की क्षमता काफ़ी ठीक है और यह भारत के लिए महत्त्वपूर्ण है। सभी पांच शहरों की पार्किंग नीतियाँ कुछ महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर सहमत होती दिखती हैं। वे इस बात पर एकमत हैं कि पार्किंग मुफ़्त नहीं हो सकती और जहाँ भी सार्वजनिक स्थान का उपयोग किया जाता है, वहाँ शुल्क लिया जाना चाहिए क्योंकि 'मुफ़्त पार्किंग' की अवधारणा टिकाऊ नहीं है।

पार्किंग समस्या के समाधान के लिए एक व्यापक रणनीति की आवश्यकता है जिसमें पर्याप्त पार्किंग अवसंरचना का विकास, स्मार्ट पार्किंग प्रौद्योगिकियों को अपनाना और पार्किंग विनियमों का प्रवर्तन शामिल हो। उदाहरण के लिए, पार्किंग क्षेत्रों को परिभाषित करना और वाहन पहचान सेंसर और स्वचालित लाइसेंस प्लेट पहचान जैसी तकनीक का उपयोग करके पार्किंग प्रबंधन को सुव्यवस्थित किया जा सकता है। इसके अलावा, भूमि मूल्य और भीड़भाड़ के आधार पर पार्किंग शुल्क को समायोजित करके भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अनावश्यक वाहन उपयोग को हतोत्साहित किया जा सकता है। बुनियादी ढांचे के समाधान के अलावा, सार्वजनिक परिवहन और टिकाऊ शहरी गतिशीलता प्रथाओं को बढ़ावा देने से पार्किंग दबाव कम हो सकता है। सार्वजनिक परिवहन, साइकिल और पैदल चलने के उपयोग को प्रोत्साहित करने से निजी वाहनों पर निर्भरता कम हो सकती है, जिससे पार्किंग स्थलों की मांग कम हो सकती है। यह ज़रूरी नहीं है कि अच्छा सार्वजनिक परिवहन यातायात की भीड़ को काफ़ी कम कर दे। भीड़भाड़ की स्थिति में सुधार करने के लिए, शहरों को निजी कारों के स्वामित्व और उपयोग के कार्यात्मक, मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक मूल्यों को लक्षित करने वाली गतिविधियों के साथ ही अपनी सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों को बेहतर बनाने के प्रयासों को मिलाकर काम करना होगा।

भारत में वाहन पार्किंग की समस्या एक जटिल मुद्दा है जिसके लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें शहरी नियोजन, नीति सुधार, तकनीकी नवाचार और सांस्कृतिक परिवर्तन शामिल हैं। इस चुनौती से सीधे निपटकर, भारत अपनी शहरी गतिशीलता को बढ़ा सकता है, अपने नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकता है और टिकाऊ शहरी विकास के लिए एक मिसाल क़ायम कर सकता है। आगे का रास्ता सरकार, निजी क्षेत्र और जनता के बीच बेहतर शहरी स्थानों की पुनर्कल्पना और पुनर्निर्माण के लिए सहयोगात्मक प्रयासों में निहित है।

## ज्ञान विज्ञान

# क्या प्लैनेट-9 का अस्तित्व है? नासा का नया टेलीस्कोप सुलझाएगा सौर मंडल का सबसे बड़ा रहस्य



सौरमंडल में कुल 8 ग्रह (प्लैनेट) हैं। वैज्ञानिक पहले प्लूटो को भी पूर्ण ग्रह मानते थे, लेकिन कुछ सालों पहले उन्होंने उसे डार्फ प्लैनेट की श्रेणी में कर दिया। इससे अलावा अब एक बड़े ग्रह के होने का दावा वैज्ञानिक कर रहे हैं जो सौरमंडल का नौंवा ग्रह बताया जा रहा है। सौरमंडल में तमाम ऐसे रहस्य आज भी हैं, जहां तक अभी साइंस पहुंच नहीं सका है। हालांकि वैज्ञानिक लगातार नई जानकारियां जुटाने के लिए रिसर्च कर रहे हैं। वहीं पिछले एक दशक से वैज्ञानिक सौरमंडल के नौवें ग्रह का दावा कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक यह ग्रह नेप्च्यून के आगे काइपर बेल्ट में मौजूद है। इसे प्लैनेट 9 या प्लैनेट द कहा जा रहा हैं। हालांकि अभी तक इसको प्रमाणित नहीं किया जा सका है कि यह ग्रह है भी या नहीं।

रअसल वैज्ञानिकों ने प्लैनेट 9 के अस्तित्व पर लंबे समय से बहस की है। लेकिन अब इसके होने या न होने के प्रमाण मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। इसका कारण नासा की वेधशाला है, खगोलविदों (एस्ट्रोनॉमर्स) को उम्मीद है कि यहां का टेलीस्कोप प्लैनेट 9 के अस्तित्व की पुष्टि या खंडन करने के लिए निश्चित सबूत प्रदान करेगी।

दरअसल एस्ट्रोनॉमर्स ने हमारे सौर मंडल के सुदूर इलाकों में नेपच्यून से परे छिपे एक रहस्यमय प्लैनेट 9 के संभावित अस्तित्व के बारे में अनुमान लगाया है। काल्पनिक रूप से, यह ग्रह एक सुपर-अर्थ है, जिसका द्रव्यमान (मास) हमारे ग्रह से पांच से सात गुना अधिक होने का अनुमान है, जो हर 10,000 से 20,000 साल में एक बार सूर्य की परिक्रमा करता है।

कई अध्ययनों के बावजूद, प्लैनेट 9 की खोज बहस का विषय बनी हुई है। जहां कुछ वैज्ञानिक इसकी उपस्थिति के प्रति आश्वस्त हैं, वहीं अन्य संशय में हैं। वर्षों से, शोधकर्ताओं ने इस ग्रह का पता लगाने के अपने प्रयासों में कई टेलीस्कोप का इस्तेमाल किया है। हालांकि अभी तक इसका निश्चित प्रमाण सामने नहीं आया है।

हालांकि, यह जल्द ही वेरा सी। रुबिन वेधशाला के साथ बदल सकता है, जो 2025 के अंत में चिली में ऑपरेशन शुरू करने के लिए एक अभूतपूर्व टेलीस्कोप है। कुछ दिनों में आकाश का सर्वे करने की क्षमता के साथ, यह वेधशाला किसी भी पुष्टि के लिए अभी तक का सबसे अच्छा मौका दे सकती है कि प्लैनेट 9 के अस्तित्व को माने या खारिज करें।

प्लैनेट 9 की खोज सौर मंडल और ग्रहों के निर्माण के पीछे की प्रक्रियाओं के बारे में हमारी समझ को नया आकार देगी। इसके विपरीत, यदि ग्रह का कोई निशान नहीं मिलता है, तो यह दूर काइपर बेल्ट वस्तुओं की असामान्य कक्षाओं के बारे में मौजूदा सिद्धांतों को चुनौती देगा। परिणाम चाहे जो भी हो, एस्ट्रोनॉमर्स इस बात से सहमत हैं कि आगामी अवलोकन हमें सौर मंडल के सबसे मनोरम रहस्यों में से एक को सुलझाने के करीब लाएंगे।

बता दें कि हमारे सौरमंडल में कुल 8 ग्रह (प्लैनेट) हैं। वैज्ञानिक पहले प्लूटो को भी पूर्ण ग्रह मानते थे, लेकिन कुछ सालों पहले उन्होंने उसे डार्फ प्लैनेट की श्रेणी में कर दिया। इससे अलावा अब एक बड़े ग्रह के होने का दावा वैज्ञानिक कर रहे हैं जो सौरमंडल का नौंवा ग्रह बताया जा रहा है। इसीलिए इसे प्लैनेट 9 कहा जा रहा है।

## नजरिया

# क्या पाकिस्तान में फिर होगा विभाजन?

पाकिस्तान सरकार को पाक अधिकृत कश्मीर और बलूचिस्तान में जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ रहा है। वहां की आवाम अब किसी भी परिस्थिति में पाकिस्तान सरकार को बर्दाश्त करने की स्थिति और मनःस्थिति में नहीं हैं। दोनों प्रदेशों से बगावत के स्वर खुलकर सुनाई देने लगे हैं पाक अधिकृत कश्मीर की जनता भारत देश में शामिल होने को एक पैर पर तैयार है। ऐसा नहीं है कि भारत इन दोनों प्रदेशों को आजाद करवाने की कोशिश कर रहा है बल्कि वहां की जनता स्वयं स्फूर्त होकर पाकिस्तान से इन प्रदेशों को अलग करवाएगी। पाकिस्तान में बड़ी विचित्र स्थिति बन गई है खुद के पास देश चलाने के लिए पैसा नहीं है और वह बांग्लादेश में अपनी सेना भेज कर हिंदुओं के विरुद्ध अभियान चलाने में लगा हुआ है। कई आतंकवादी संगठन आप बांग्लादेश में भारत के विरोध में सक्रिय हो गए हैं और दंगे भड़काने में सक्रिय हो गए हैं।

भारत और पाकिस्तान दोनों अंग्रेजों की दासता से 1947 में स्वतंत्र हुए थे। दोनों देश विकास की धारणाएं अलग-अलग बनाकर आगे बढ़े थे। भारत विकास और शांति के सोपानों में निरंतर आगे बढा, पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में भारत ने पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत नए-नए कल कारखाने और कृषि को प्राथमिकता देते हुए आत्मनिर्भर होने का प्रयास किया गया, और काफी हद तक सफल भी रहा है। पाकिस्तान ने विकास की जगह भारत को सदैव नीचा दिखाने का प्रयास किया, विकास के नाम पर वहां केवल युद्ध और हिंसा को प्राथमिकता दी गई। पाकिस्तान के इतिहास में 18 प्रधानमंत्री ने कभी अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को विभिन्न आरोप लगाकर फांसी की सजा दे दी थी। उसके बाद उनकी पुत्री बेनजीर भुट्टो की हत्या करवा दी गई, नवाज शरीफ पर विभिन्न आरोप लगाकर लंदन में जाकर बसने को मजबूर कर दिया गया। इमरान खान को भी विभिन्न अपराधों की सजा अब मिलने वाली है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से पूरा देश नियंत्रण से बाहर है। इमरान खान की गिरफ्तारी ने जनता और सेना को आमने सामने खड़ा कर दिया गया और 9 मई को जो अराजक तत्वों ने सरकारी इमारतों की तोड़फोड़ की उसका सारा आरोप इमरान खान पर लगाते हुए उन्हें एक बार गिरफ्तार भी कर लिया गया था पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उन्हें छोड़ दिया गया। अब स्थिति यह है कि पाकिस्तान में आवाम को रोटी, चावल और पेट्रोल, गैस जैसी जरूरी चीजों के लिए तरसना पड़ रहा है पाकिस्तान में अभी गृह युद्ध जैसे हालात पैदा हो गए हैं। पाकिस्तान की सेना के जनरल मुनीर पाकिस्तान में मार्शल लगाने की तैयारी में और इमरान शान को पूरी तरह नेस्तनाबूद करने में लगे हुए हैं। इमरान खान के सभी बड़े समर्थक नेता पार्टी छोड़कर भाग चुके हैं। 7000 इमरान समर्थक लोगों को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया है। महंगाई बेरोजगारी और अराजकता पाकिस्तान में चरम सीमा पर है। प्रधानमंत्री शरीफ के पास देश को बचाने के लिए धनराशि भी नहीं है और इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड, सऊदी अरेबिया, चीन ने पाकिस्तान की मदद करने से हाथ ऊपर खड़े कर लिए हैं। पाकिस्तान में गृह युद्ध की आशंका को इनकार नहीं किया जा सकता, ऐसे में पाकिस्तान में 1971 की तरह बांग्लादेश के निर्माण की कथा व्यथा और इतिहास को दोहराने की संभावना दिखाई दे रही है।

1971 में बांग्लादेश के बंगबंधु मुजीब उर रहमान ने गृह युद्ध की घोषणा कर भारत की मदद से पाकिस्तानी सेना का सामना कर पाकिस्तान को मजबूर कर दिया था और पाकिस्तानी सेना के 83000 जवानों ने जनरल नियाजी के नेतृत्व में भारत के जनरल अरोड़ा के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। और इस तरह बांग्लादेश का पृथक से निर्माण हो पाया था। अब किसी तरह भी पाकिस्तान में फिर से गृह युद्ध होता है और मार्शल ला लगाया जाता है तो सिंध, बलूचिस्तान के अलग होने की पूरी संभावना बन रही हैं वहां भी जनता पूरी तरह गृह युद्ध के तेवर में दिखाई देने लगी है। यदि ऐसा होता है तो पाकिस्तान के टुकड़े होने से कोई रोक नहीं सकता और इमरान खान को ही जेल में डाला जा सकता है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर 121 मुकदमा चलाए जा रहे हैं इसी तरह उनकी पत्नी बुशरा बेगम पर भी आरोप लगाकर उन्हें जेल भेजने की तैयारी है। वैसे तो यह पाकिस्तान का इतिहास ही है कि कोई भी प्रधानमंत्री बेदाग प्रधानमंत्री पद नहीं छोड़ पाया है। यदि इमरान खान को सजा देकर उन्हें गिरफ्तार किया जाता है तो स्थिति बड़ी विस्फोटक हो जाएगी और पाकिस्तान की आवाम विद्रोह पर आने के लिए अमादा है। दूसरी तरफ उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने आम जनता को दाल रोटी और चावल की कमी के कारण भूखमरी के हालात बन गए हैं पाकिस्तान के वर्तमान प्रधानमंत्री के सामने कई क्षेत्रों से चुनौतियां सामने आ रही हैं वह अपनी आवाम को खाना खिलाए या अपनी पुरानी उधारी का कर्ज कई देशों को वापस करें या फिर अपनी सेना को मार्शल ला लगाने से रोकें, शहबाज शरीफ अब पूरी तरह से लाचार दिखाई दे रहे हैं।

उपरोक्त परिस्थितियों में पाकिस्तान का कोई भविष्य नजर नहीं आता है पाकिस्तान को वर्तमान स्थिति से उबरने के लिए आगामी 10 से 20 साल लग सकते हैं और यदि मार्शल ला लगता है तो निश्चित तौर पर पाकिस्तान के टुकड़े होने से पाकिस्तान रोक नहीं सकता है। पाकिस्तान के टुकड़े होने और वहां गृह युद्ध होने से उसे कोई चमत्कार ही बचा सकता है।



# मोहनलाल की एल 2- एमपुरान की शूटिंग पूरी

**मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म एल 2- एमपुरान साल 2025 में आने वाली है। की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। हाल ही में, दिग्गज अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर घोषणा की कि टीम ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। एल 2- एमपुरान के आखिरी शॉट मलमपुझा जलाशय के किनारे शूट किया गया था।**

### एक्स अकाउंट पर किया व्यक्त

साउथ अभिनेता मोहनलाल ने अपने एक्स अकाउंट पर फिल्म से जुड़ी 14 महीनों की अपनी इस यात्रा को दिखाया है।
इस फिल्म की शूटिंग आठ राज्यों और 4 देशों में हुआ है। इस बात को खुद मोहनलाल ने ही बताया है।

### मोहनलाल ने लिखी ये बात

मोहनलाल ने लिखा, यह एल 2- एम्पुरान का समापन है! 8 राज्यों और 4 देशों, जिनमें यूके, यूएसए और यूएई शामिल हैं, में 14 महीने की एक अविश्वसनीय यात्रा। इस फिल्म का जादू पृथ्वीराज सुकुमारन के शानदार निर्देशन के कारण है, जिनकी रचनात्मकता हर फ्रेम को ऊपर उठाती है।

### टीम को किया धन्यवाद

मोहनलाल ने लिखा,यह सब समर्पित कलाकारों और क्रू के बिना संभव नहीं होता, जिन्होंने इस कहानी को जीवंत किया। एल 2- एम्पुरान एक कलाकार के रूप में मेरी यात्रा का एक उल्लेखनीय अध्याय रहा है, जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा।

### मार्च में रिलीज होगी फिल्म

एल 2- एम्पुरान फिल्म ग्लोबली अगले साल 27 मार्च 2025 में रिलीज होने वाली है। फिल्म को देखने के लिए मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन के प्रशंसक उत्साहित हैं। इस फिल्म में मुरली गोपी भी नजर आने वाले हैं। फिल्म मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली है।



# मैं पैपराजी को फोन करके नहीं बुलाती, सोशल मीडिया पर पॉपुलर होने का तरीका बताया

किरदारों में खुद को पूरी तरह से ढाल लेने वाले कलाकारों में से एक अभिनेत्री पत्रलेखा भी है। वह कई फिल्मों में बेहतरीन किरदार निभा चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने अपने करियर और सोशल मीडिया पर कैसे पॉपुलर हुआ जा सकता है, इस बारे में एक इंटरव्यू में बात की। पत्रलेखा को अक्सर ही जिम के बाहर पैपराजी घेर लेते हैं और उनकी तस्वीरें भी लेती हैं। उनकी जिम फोटोज हमेशा ही शानदार आती हैं। हाल ही में दिए गए इंटरव्यू में पत्रलेखा ने पैपराजी के बारे में कहा कि वह लोग काफी अच्छे होते हैं, अगर मैं उन्हें कहूं कि आज अच्छा गेटअप नही है और फोटो मत लो तो वह मेरी बात मान लेते हैं। इस पर इंटरव्यू ले रहे व्यक्ति ने पूछा कि क्या आप पैपराजी को खुद बुलाती हैं। इस पर पत्रलेखा ने कहा बिल्कुल नही, मैं ऐसा नही करती हूं। इसके जवाब में इंटरव्यू लेने वाला शख्स दोबारा कहता है कि कुछ एक्टर तो पैपराजी को फोन करके बुलाते हैं। इसी बात पर पत्रलेखा भी हामी भरती हैं।

### सोशल मीडिया पर रियल रहना चाहिए


इसी इंटरव्यू में उनसे सवाल किया जाता है कि वह अपनी बहुत सी सेल्फी खींच कर सोशल मीडिया पर डालती हैं। उनको इस पर खूब लाइक्स भी मिलते हैं। क्या सोशल मीडिया पर कुछ भी शेयर करने से पहले वह सोच-विचार करती हैं। पत्रलेखा इस सवाल के जवाब में कहती हैं, 'ऐसा नहीं है। मुझे अपनी जो फोटो अच्छी लगती है, सही लगती है, वह मैं शेयर कर देती हूं। मैं अपने मन की सुनती हूं, अपने मन की करती हूं।' पत्रलेखा सोशल मीडिया पर खुद को रियल रखती हैं, शायद इसी वजह से उनके फॉलोअर बढ़ते जाते हैं।

### राजकुमार से मिलती है फिल्में देखने की सलाह

पत्रलेखा यह भी बताती हैं कि जब राजकुमार राव घर पर होते हैं तो उन्हें कोई फिल्म या शो देखने का सजेशन देते हैं। इसी तरह से वह भी राजकुमार राव को अच्छी फिल्में सजेस्ट करती हैं। दोनों कम समय साथ में बीता पाते हैं लेकिन जब भी साथ होते हैं तो मनपसंद खाना खाते हैं।



# नेटफ्लिक्स प्रोजेक्ट में इमरान खान के अपोजिट नजर आएंगी भूमि पेडनेकर



अभिनेता इमरान खान साल 2015 से सिल्वर स्क्रीन से गायब हैं। हालांकि, खबरें हैं कि वो अब एक नए नेटफ्लिक्स प्रोजेक्ट के साथ वापसी करने वाले हैं। यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी होगी, जिसका निर्देशन दानिश असलम करेंगे। दानिश ने इमरान की फिल्म ब्रेक के बाद का भी निर्देशन किया था। वहीं, इस नेटफ्लिक्स प्रोजेक्ट में नजर आने वाली अभिनेत्री को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। एक नाम भी सामने आया है।

### इमरान के अपोजिट नजर आएंगी भूमि

कथित तौर पर अभिनेत्री भूमि पेडनेकर इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में इमरान खान के अपोजिट नजर आएंगी। हालांकि, अभिनेत्री ने अभी तक कॉन्ट्रैक्ट पर साइन नहीं किया है। अगर वह फिल्म का हिस्सा बनती हैं तो यह भक्षक और आगामी द रॉयल्स के बाद नेटफ्लिक्स इंडिया के साथ उनका तीसरा सहयोग होगा।

### मार्च 2025 में शुरू होगी शूटिंग!

फिल्म की स्क्रिप्ट फिलहाल अपने अंतिम चरण में है, जिसका मसौदा अगले महीने पूरा होने की उम्मीद है। इसके तुरंत बाद प्री-प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा और टीम की योजना मार्च 2025 में शूटिंग शुरू करने की है। इमरान के फैंस उनकी स्क्रीन पर वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# ट्रोलिंग करने वालों के मजे लेती हूं

टीवी पर दुल्हन बनू मैं तेरी से रातों-रात लोकप्रिय होने वाली दिव्यांका त्रिपाठी ने छोटे पर्दे पर एक अरसा बिताने वाली ये अभिनेत्री नच बलिये और फियर फैक्टर -खतरों के खिलाड़ी जैसे रिएलिटी शोज में भी अपना जलवा दिखा चुकी हैं। इन दिनों वे वेब सीरीज द मैजिक ऑफ शीरी में दिखाई दे रही हैं। उनसे एक बातचीत। अपनी सीरीज के बारे में वे कहती हैं, ये कहानी सिर्फ एक औरत के अधूरे सपनों को पूरा करने की नहीं है बल्कि बुजुर्गों की कहानी भी है कि वे कैसे इफेक्ट हो रहे हैं? बच्चों पर क्या असर पड़ता है? जब एक औरत असंतुष्ट रहती है? वहीं सलीम बने जावेद जाफरी की अपनी कहानी है, जो बताती है कि जादूगर बनने के लिए उन्होंने क्या-क्या बलिदान दिए। मैं इसमें जादूगर बनने का सपना पूरा करती हूं और उसके लिए मेरे किरदार शीरी को किस तरह की कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है, यही हमारी वेब सीरीज है।
ट्रोल्स के बारे में वे हंसते हुए कहती हैं, हम जो सामाज है, उसी का तो प्रतिबिंब है सोशल मीडिया। अब उन्हें पता है कि उनके पास एक पर्दा है उस पर्दे की आड़ में वे अपनी कुटिल सोच को सामने लाते हैं। तो हम किसी एक ट्रोलर्स या बंदे को ब्लेम नहीं कर सकते, हमारी सोसायटी की सोच ही ऐसी है। हमें उसके बारे में सोचना चाहिए। एक जमाने में हमारे घरों में चुगलखोर आंटियां हुआ करती थीं। ये ट्रोलिंग करने वाले वही तो हैं चुगलीखोर। मेरे फैंस भी इस बात के बहुत मजे लेते हैं। मैंने ट्रोल्स करने वालों के नाम रख दिए हैं आंटी और चाची, तो जब वे ट्रोलिंग करते हैं, तो मैं पूछ बैठती हूं, अरे आंटी आप दोबारा आ गईं। एक जीजाजी (ट्रोल्स) हैं, जो हमेशा रूठे रहते हैं। मेरा मानना है कि जब आप इनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते, तो फिर मजे ले लो।






# ऋतिक रोशन-एनटीआर की वॉर 2 से जुड़े तीन एक्शन निर्देशक, हॉलीवुड की फिल्मों के लिए भी कर चुके हैं काम

बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म वॉर 2 को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। अब खबर आ रही है कि फिल्म से तीन एक्शन निर्देशक को जोड़ा गया है, जिनमें हॉलीवुड की वेनम और एवेंजर्स एज ऑफ अल्ट्रॉन जैसी फिल्मों के लिए काम कर चुके निर्देशक शामिल हैं।
ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी जैसे सितारों से सजी वॉर 2 बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म को मशहूर निर्देशक अयान मुखर्जी निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म ने घोषणा के बाद से ही दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर लिया है। फिल्म को लेकर फैंस की जबर्दस्त उत्सुकता को देखते हुए निर्माता इसमें किसी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं। इस वजह से फिल्म के निर्माताओं ने इसके क्लाइमैक्स को शानदार सिनेमाई अनुभव बनाने के लिए हॉलीवुड के एक्शन निर्देशकों को फिल्म से जोड़ा है, जिन्होंने वेनम, ऐज ऑफ अल्ट्रॉन, के साथ-साथ जवान और पठान जैसी फिल्मों का एक्शन निर्देशित किया है।

### वॉर 2 से जुड़े हॉलीवुड फिल्मों के एक्शन निर्देशक

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसके शानदार एक्शन सीक्वेंस के लिए तीन मशहूर एक्शन निर्देशकों को फिल्म से जोड़ा गया है, जिनमें अमेरिकी स्टंट कोऑर्डिनेटर स्पाइरो रजाटोस, सी योंग ओह, और सुनील रोड्रिग्स हैं। स्पाइरो रजाटोस ने इससे पहले वेनम और द फेट ऑफ द फ्यूरियस जैसी फिल्मों का एक्शन निर्देशन किया है। वहीं, एवेंजर्स- एज ऑफ अल्ट्रॉन में सी योंग ओह तथा जवान और पठान में सुनील रोड्रिग्स ने काम किया है। बताया जा रहा है कि यह तिकड़ी एक शानदार और स्टाइलिश फाइट सीक्वेंस तैयार कर रही है, जो दर्शकों को लिए एक बेहद शानदार अनुभव होने वाला है।

### दमदार होगा फिल्म का क्लाइमेक्स

फिल्म को एक शानदार अनुभव बनाने के निर्माताओं द्वारा काफी सारी चीजें की जा रही हैं, जिसके तहत फिल्म के क्लाइमेक्स में दर्शकों को सांस रोक देने वाला एक्शन सीक्वेंस दिखाया जाएगा। मिड-डे की एक रिपोर्ट के अनुसार, ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर दिसंबर के मध्य में मुंबई में हाई-ऑक्टेन क्लाइमेक्स सीन की शूटिंग करेंगे, जिसे 15 दिनों के शेड्यूल में पूरा किया जाएगा। दोनों कलाकार गोरेगांव में फिल्म सिटी और अंधेरी के वाईआरएफ स्टूडियो में इसकी शूटिंग करेंगे। बताया जा रहा है कि निर्माता आदित्य चोपड़ा और निर्देशक अयान मुखर्जी व्यक्तिगत रूप से सेट डिजाइन और जटिल एक्शन कोरियोग्राफी की देखरेख कर रहे हैं।

### अगले साल स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी वॉर 2

बताते चलें कि यशराज फिल्म्स की वॉर 2 अगले साल 2025 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को आदित्या चोपड़ा द्वारा बनाया जा रहा है, जबकि अयान मुखर्जी इसका निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म से जूनियर एनटीआर अपना बॉलीवुड डेब्यू करेंगे, जो बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के साथ दमदार एक्शन करते दिखाई देंगे।



# सिल्वर स्क्रीन पर आमने सामने होंगे अजय और ऋतिक

2020 में तान्हाजी- द अनसंग वॉरियर की सफलता के बाद, अभिनेता-निर्माता अजय देवगन अनसंग वॉरियर्स फ्रेंचाइजी में दूसरी किस्त की योजना बना रहे हैं। जानकारी के अनुसार, अजय देवगन और निर्देशक ओम राउत महीनों से इस परियोजना पर चर्चा कर रहे हैं। दोनों को शुरू में 17वीं सदी के मराठा सेना के जनरल बाजी प्रभु देशपांडे की कहानी बताने में रुचि थी। हालांकि, इसी विषय पर आधारित मराठी फिल्म पवनखिंड (2022) की रिलीज के बाद योजनाएं बदल गईं। प्रोजेक्ट पर आया नया अपडेट यकीनन उत्साह बढ़ाने वाला है।

### अजय देवगन-ओम राउत के बीच चल रही चर्चा!

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अजय देवगन और ओम राउत दो विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। वे या तो एक ही कहानी को बड़े पैमाने पर बताएं, या मराठा साम्राज्य से किसी अन्य नायक को चुनें। बातचीत अभी शुरुआती चरण में है। उन्होंने बाजी प्रभु की बायोपिक बनाने के विचार को पूरी तरह से खत्म नहीं किया है, क्योंकि उस मोर्चे पर काफी शोध और योजना बनाई गई थी।

### ऋतिक रोशन होंगे खलनायक!

विशेष रूप से, तान्हाजी में अजय देवगन ने तान्हाजी मालुसरे की भूमिका निभाई और अपने प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। अगला भाग अनसंग वॉरियर्स फ्रेंचाइजी की दूसरी किस्त मालूम होती है। अजय देवगन फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे और वह इसमें खलनायक के रूप में ऋतिक रोशन को साइन करना चाहते हैं।
अजय वर्सेज ऋतिक की खबर ने बढ़ाया बज जानकारी के अनुसार, अजय को लगता है कि ऋतिक के पास जबरदस्त स्क्रीन उपस्थिति और करिश्माई ताकत है। वह स्क्रीन पर एक बेहतरीन प्रतिद्वंद्वी बनकर उभरेंगे। अगर यह सहयोग होता है, तो यह दो बॉलीवुड सुपरस्टारों का पहला ऑन-स्क्रीन मिलन होगा। सीक्वल में शरद केलकर छत्रपति शिवाजी महाराज की अपनी भूमिका को दोहरा सकते हैं।
हालांकि, देवगन या राउत ने अभी तक कलाकारों और कहानी के बारे में आधिकारिक घोषणा नहीं की है। काम के मोर्चे पर पेशेवर मोर्चे पर, अजय देवगन को हाल ही में सिंघम अगेन में देखा गया था। आने वाले दिनों में अभिनेता सन ऑफ सरदार 2 और दे दे प्यार दे 2 में नजर आएंगे। इस बीच, ऋतिक रोशन वॉर 2 में कबीर के रूप में अपनी वापसी के लिए तैयारी कर रहे हैं, जहां वह जूनियर एनटीआर के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। वॉर 2, वॉर (2019) की बड़ी सफलता के बाद उसका बहुप्रतीक्षित सीक्वल है।



# 4 दिसंबर को रिलीज किया जाएगा वरुण की फिल्म बेबी जॉन का ट्रेलर

वरुण धवन इन दिनों अपनी वेब सीरीज व सिटाडेल हनी बनी की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। अब वे अपनी अगली फिल्म बेबी जॉन की तैयारी में जुटे हुए हैं। यह फिल्म इस साल क्रिसमस पर रिलीज हो रही है। इसी बीच ट्रेलर रिलीज की तारीख पर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म का ट्रेलर 4 दिसंबर को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर को एक भव्य कार्यक्रम में लॉन्च करने की खबरें हैं, जिसमें फिल्म की टीम भी शामिल होगी। एटली द्वारा निर्मित बेबी जॉन में कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, सान्या मल्होत्रा, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव सहित कई मजबूत कलाकार हैं। सिटाडेल: हनी बनी में वरुण के प्रदर्शन की प्रशंसा की गई और दर्शकों को उम्मीद है कि वह बेबी जॉन में एक और मजबूत एक्शन भूमिका देंगे। बेबी जॉन एटली की 2016 की तमिल फिल्म थेरी की रीमेक है। फिल्म में सलमान खान का कैमियो भी होगा। इसका निर्देशन ए. कालीस्वरन ने किया है और इसे जियो स्टूडियोज, एटली ने ए फॉर एप्पल स्टूडियोज और सिने 1 स्टूडियोज के साथ मिलकर बनाया है।



# शरबती आंखों की कैसे करें सुरक्षा



**आधुनिकता के बढ़ते दौर के कारण आज रोज-मर्रा की जिंदगी में कई मशीनों ने जगह बना ली है और इन सबमें सबसे आम है कम्प्यूटर। आज अधिकांश लोग दिन के 24 घंटों में से 10-12 घंटे कम्प्यूटर के सामने ही बिता रहे हैं।**



**दिनभर** ऑफिस में काम करते हुए तो कम्प्यूटर स्क्रीन आंखों के सामने रहती ही है और घर में इसका स्थान टीवी ले लेती है। ऑफिस जाने वाले लोगों की तो मजबूरी है कि उन्हें इतने समय कम्प्यूटर पर काम करना पड़ता है क्योंकि आज अधिकांश कार्यालयों में बिना कम्प्यूटर के काम ही नहीं होता, लेकिन स्कूल, कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों के लिए तो यह इतना अहम हो गया है कि इसके बिना वे अपने आप को असहाय महसूस करने लगते हैं। अगर वे कम्प्यूटर से हटते तो मोबाइल में लग जाते।

स्वभाविक सी बात है कि इतना समय कम्प्यूटर, टीवी, मोबाइल के सामने बिताना आपकी आंखों के लिए अच्छा नहीं है। आपकी आंखों पर इसका बुरा असर पड़ना लाजमी है। लेकिन अपनी आदतों में सुधार कर आप आंखों को इसके प्रभावों से बचा सकते हैं। नीचे दिए कुछ उपयोगी टिप्स अपनाएं और आंखों को स्वस्थ रखें।

- आपकी आंखों की सेहत के लिए जरूरी है कि आपके कम्प्यूटर की जमावट सही हो। मॉनीटर, कीबोर्ड का सही जगह होना बेहद जरूरी है। ध्यान रहे मॉनीटर की आपकी आंखों से दूरी एक हाथ बराबर हो और वह आंखों के लेवल से 20 डिग्री नीचे हो। कीबोर्ड भी ऐसी जगह होना जाहिए जहां आपको टाइप करने में कोई भी दुविधा न हो।
- आप जहां बैठे हैं उस कमरे का प्रकाश फैला हुआ होना चाहिए। आपके सिस्टम पर प्रकाश सीधे नहीं पड़ना चाहिए। अपने सिस्टम के कलर, कंट्रास और ब्राइटनेस को अपने अनुसार सेट करें जो आपकी आंखों के लिए सहज हो।
- आप अपने चश्मे के लेंस पर एंटी-रिफ्लेक्टिव पर्त लगवा सकते हैं जो आपकी आंखों को कम्प्यूटर से निकलने वाली हानिकारक किरणों से बचाएगा। इसके अलावा आप आंखों के डॉक्टर से कन्सल्ट कर एक खास चश्मा बनवा सकते हैं जो विशेषकर उन लोगों के लिए बनाया जाता है जो कम्प्यूटर का अधिक इस्तेमाल करते हैं।
- हमेशा 20-20-20 नियम याद रखें। इन तीन स्टेप्स को अपनाकर आप आंखों की हिफाजत बखूबी कर सकते हैं।
  - कम्प्यूटर पर काम करते हुए हर 20 मिनिट बाद अपने सिर को घुमाएं और ऐसी किसी वस्तु पर नजर डालें जो कम से कम आप से 20 फीट दूर हो। ऐसा करने से आपकी आंखों की फोकस दूरी बदलेगी जो आंखों को स्वस्थ रखने में मदद करेगी।
  - छोटा-सा ब्रेक लें और उसमें अपनी पलकों को लगातार 20 बार झपकाएं। ऐसा करने से आंखों की नमी बरकरार रहेगी।
  - एक ही पोजीशन में बैठे रहने से अच्छा है कि आप हर 20 मिनिट में उठकर 20 कदम चलें। ऐसा करना आपकी आंखों के साथ-साथ पूरे शरीर के लिए लाभप्रद है। इससे आपके पूरे शरीर में रक्त का प्रवाह आसानी से होगा। अन्यथा एक ही जगह बैठे रहने से रक्त प्रवाह में रुकावट आ जाती है।
- हम औसतन एक मिनिट में 12 बार पलक झपकाते हैं, लेकिन क्या आपको पता है जब हम कम्प्यूटर पर काम करते हैं तो एक मिनिट में सिर्फ 5 बार ही पलकें झपकती हैं। जिस कारण हमारी आंखों की नमी कम हो जाती है। और यही कमी हमारी असहजता का कारण बन जाती है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि आप पलक झपकाना न भूलें और आंखों को नम बनाए रखने के लिए जेल या कृत्रिम आंसुओं का उपयोग करें।
- काम करते समय हमेशा तनकर बैठें ताकि आपका मेरुदंड सीधा रहे। अपनी हथेलियां आपस में तब तक रगड़ें जब तक कि वे थोड़ी गर्म न हो जाएं। हथेलियों की यह गर्माहट आपकी थकी हुई आंखों को आराम पहुंचाएगी। अपनी इन गर्म हथेलियों को हल्के से आंखों पर रखें और 60 सेकेण्ड तक आराम करें। अपने मन में ये 60 सेकेण्ड गिनें और जब भी आपकी आंखे थक जाएं तब कम से कम दो से तीन बार इस एक्सरसाइज को करें।
- ब्रेक के दौरान अपने चेहरे और आंखों को सादे पानी से धोएं। ऐसा करने से आप फ्रेश फील करेंगे।
- सुबह ऑफिस आने से पहले उपयोग किए गए दो टी बैग्स फ्रिज में रखना न भूलें और जब आप घर जाएं तो इन टी बैग्स को आंखों पर कुछ मिनिटों के लिए रखें। यह आपकी थकी हुई आंखों को आराम देने के साथ साथ उनकी सूजन भी कम करेगा।
- आंखों को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है उचित खान पान। अपने रोजाना के खाने में विटामिन ए, सी और ई से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करें। हरी पत्तेदार सब्जियां, टमाटर, चिकन और दुग्ध उत्पादों को भी अपने आहार में शामिल करें। अगर आप अपनी आंखों को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो इन टिप्स को अपनाने के साथ समय समय पर आंखों की जांच कराना न भूलें।

## सर्द मौसम में महिलाएं रखें सावधानी

**बदलते** मौसम का अर्थ ढेरों बीमारियों को बुलावा। ऐसे में महिलाओं को अपना विशेष ध्यान रखना होता है। महिलाओं को कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बीमारी उन्हें जब तक पूरी तरह से न पकड़ ले, वे चिकित्सक के पास जाना पसंद नहीं करती हैं। लापरवाही के कारण कभी कभी बीमारियां इतनी गंभीर हो जाती हैं कि इलाज असंभव हो जाता है। पहले महिलाएं अज्ञानता के चलते ऐसा करती थीं। आज महिलाएं शिक्षित और समझदार हैं लेकिन आज भी सिर्फ ध्यान न देने की वजह से बीमारियां ने गंभीर रूप ले लेती हैं। महिलाओं को चाहिए कि अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें और समय-समय पर डॉक्टरी परामर्श लेते रहें। * व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें। व्यायाम ज्यादा पकाऊ न हो, इसके लिए रोज कुछ नया करने का प्रयास करें। जैसे सोमवार को सैर, मंगलवार को योग, बुधवार को एक्सरसाइज आदि। *व्यायाम करते समय अपनी पसंद का म्यूजिक सुनना बहुत जरूरी होता है। इससे मन प्रसन्न होता है, और शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। * खाने में हरी सब्जी, फल, सलाद और जूस का नियमित सेवन करें। तेल-घी का ज्यादा उपयोग न करें। महिलाएं एक गिलास दूध प्रतिदिन पिएं। कैल्शियम और सोयायुक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें। * बदलते मौसम में मॉइश्चराइजर का उपयोग करें। त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए एलोवेरा का उपयोग भी कर सकते हैं। दिनभर में लगभग 18 से 20 गिलास पानी पीने से आधी से ज्यादा बीमारियां दूर रहती हैं। * विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट दवाइयों का सेवन करें। महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर और बच्चादानी के कैंसर की समय समय पर जांच कराती रहें। साथ ही अन्य चेकअप भी कराती रहें। * जो भी खाएं और पकाएं, हमेशा धोकर खाएं। कफ कोल्ड वाले इंसानों से दूर रहें। जितना हो सके बीमारियों से बचकर रहें।



## ठंड से बचाएं अपने नन्हे से दिल को

जाड़े की दस्तक के साथ ही मौज-मस्ती का सिलसिला शुरू हो रहा है। क्रिसमस से लेकर पूरे जनवरी महीने तक बेफिक्री का आलम रहेगा। रंग में भंग डालने की मेरी कोई मंशा नहीं है लेकिन मौज-मस्ती के अपने धांसू आइडिया के साथ अपने दिल की खैरियत के खयाल की गठरी भी बांध लें तो बेहतर होगा। इस दौरान दिल की तरफ से बेतकाल्लुफ हो जाना खतरे से खाली नहीं है। ब्रिटेन के चर्चित कवि टीएस इलियट की तर्ज पर कहें तो दिल की परवाह नहीं की तो ये महीने सबसे निर्दयी साबित हो सकते हैं। खाने-पीने का दौर ही नहीं, जाड़े की ठिठुरन भी घातक साबित होती है। सीधे कहें तो इन महीनों में दिल के दौरे का खतरा बहुत बढ़ जाता है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोग तो खास खयाल रखें। हृदय रोगों के लिए ये महीने सबसे घातक होते हैं। ठंडे मौसम का हृदय रोगों से गहरा संबंध होता है। हृदय एवं रक्त संचार कई तरह से प्रभावित होते हैं। गाढ़ा हो जाने से रक्त का लसलसापन बढ़ जाता है। पतली रक्त नलिकाएं और संकरी हो जाती हैं। इससे रक्त का दबाव बढ़ जाता है, दिल की धड़कन बढ़ जाती है। यह स्थिति दिल के मरीजों के लिए तो ठीक नहीं ही है, उनके दिलों के लिए भी घातक हैं जो मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा एवं कोलेस्ट्रॉल जैसे जोखिम कारकों से लैस हैं। इस मौसम में श्वसन से संबंधित बीमारियां होती हैं जो दिल पर बुरा असर डालती हैं। जाड़े में लोग शराब का अधिक सेवन करते हैं। उच्च रक्तचाप एवं खून को पतला करने सहित अन्य जरूरी दवाइयों से बचते हैं। मस्ती के दौरान उन लक्षणों को गंभीरता से नहीं लेते जो दिल के दौरे की तरफ इंगित करते हैं। छाती के दर्द तक को गैस या अपच के कारण हुआ समझने की भूल करते हैं। जाड़े में अधिक समय तक ठंड में रहने और खुली जगह में शारीरिक मेहनत करने से बचें तभी आपके दिल की गर्मजोशी बरकार रहेगी।

## आहार जो दे आपको सर्दियों में गर्मी

**सर्दी को** हमारे यहां सेहत बनाने का मौसम माना जाता है। खूब सारे फल आते हैं, पाचन-शक्ति अच्छी होती है और खूब भूख भी लगती है। कहा जाता है कि इस मौसम में पत्थर भी पचाए जा सकते हैं। ऐसे में जो लोग जिम जाकर बॉडी बनाना चाहते हैं, उनके लिए भी यह मौसम बड़े काम का है।



इस मौसम में स्वस्थ रहने और सर्दी से बचने के लिए बाहरी उपायों के अतिरिक्त हमारे यहां खान पान पर भी जोर दिया जाता है। इस मौसम में सर्दी जुकाम होने की आशंका ज्यादा रहती है, ऐसे में अपने शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए एक्सपर्ट अपने खाने में नेचुरल एंटीऑक्सीडेंट्स को शामिल करने का सुझाव देते हैं। ठंड के मौसम में अपने खाने में आंवले को शामिल करें। सीधे नहीं खा सकते हैं तो या तो मुरब्बे के तौर पर या फिर किसी और तरह से हर दिन के खान-पान में इस्तेमाल करें। यदि आप डाइट चार्ट का पालन कर रहे हैं तो फिर आंवला मुरब्बा लेने की बजाय किसी और रूप में लें। इसके साथ ही अजवाइन भी शरीर को गर्मी देने का अच्छा स्रोत है। इससे भी आप कोल्ड एंड फ्लू से बचाव कर सकते हैं। गुड़ और शहद भी सर्दियों के दिनों में अच्छा माना जाता है। तिल्ली और गुड़ के लड्डू सर्दी से बचाव के लिए बेहतरीन उपाय माना जाता है। ठंड के मौसम में सूखे मेवे, बादाम आदि का सेवन भी लाभदायक होता है। या तो इन्हें भिगोकर खाएं या दूध में मिलाकर या फिर सूखे मेवों का दरदरा पावडर-सा बना लें और इसे दूध में मिलाकर प्रोटीन शेक सा बना लें। पारंपरिक तौर पर सर्दियों के लिए मेवे के लड्डू बनाए जाते हैं। आटे, बेसन या फिर उड़द या मूंग की दाल के आटे से लड्डू बनाए जाते हैं। गुजरात में उड़द की दाल के आटे से बने लड्डुओं को अड़दिया कहा जाता है, जबकि पंजाब में इन्हें दाल की पिन्नियों के नाम से जाना जाता है। डाइट एक्सपर्ट यह मानते हैं कि सर्दियों में देशी घी का उपयोग किया जाना चाहिए। यदि आप किसी डाइट चार्ट को फालो नहीं कर रहे हैं तो घी इस मौसम में अच्छा रोग प्रतिरोधक माना जाता है। यदि आप शक्कर और घी से परहेज करते हैं तो मौसमी फलों का सेवन करें। ताजी सब्जियों और मौसम के फलों के साथ गर्म दूध भी सर्दियों के लिए अच्छा माना जाता है।

## सूर्य-किरण थेरेपी क्या है?



**वैज्ञानिकों** की मान्यता है कि विविध रंगों का मानव के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर बड़ा प्रभाव पड़ता है और प्रत्येक रंग के अपने विशेष आरोग्यकारक गुण होते है। रंग असंतुलन अर्थात रंगों की कमी या अधिकता के कारण मनुष्य के शरीर में कई प्रकार के रोग उत्पन्न हो जाते हैं। सामान्य रूप से देखने पर सूर्य का प्रकाश सफेद ही दिखाई देता है पर वास्तव में वह सात रंगों का मिश्रण होता है। कांच के त्रिपार्श्व से सूर्य की किरणों को गुजारने पर दूसरी ओर इन सात रंगों को स्पष्ट देखा जा सकता है। किसी विशेष रंग की कांच की बोतल में साधारण पानी, चीनी, मिश्री, घी, ग्लिसरीन आदि तीन-चौथाई भरकर सूर्य की किरणें दिखाने से या धूप में रखने से उस कांच द्वारा सूर्य के प्रकाश से उसी रंग की किरणों को ग्रहण किया जाता है और उसी रंग का तत्व और गुण पानी आदि वस्तु में उत्पन्न हो जाता है और वह सूर्यतप्त (सूर्य किरणों द्वारा चार्ज की गई वस्तु रोग निवारण गुणों और स्वास्थ्यवर्धक तत्वों से युक्त हो जाती है। इन सूर्यतापित वस्तुओं के उचित भीतरी और बाहरी प्रयोग से मनुष्य के शरीर में रंगों का संतुलन कायम रखा जा सकता है और अनेक प्रकार के रोगों को सहज ही दूर किया जा सकता है। यही सूर्य किरण चिकित्सा है। सूर्य की किरणों में सर्वरोगनाशक अद्भुत शक्ति है, यह बात हमारे ऋषि मनीषी हजारों साल पहले अच्छी तरह जानते थे, परन्तु आधुनिक युग में सूर्य किरण चिकित्सा और रंग-चिकित्सा का अनुसंधान और विकास कार्य विदेशों में हुआ। अब सूर्य-किरण-चिकित्सा भारत में भी निरंतर लोकप्रिय होती जा रही है।



# जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक ने खण्डार सीएचसी, पुलिस थाना व राजकीय डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रावास का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**सवाई माधोपुर(निसं.)।** खण्डार उपखण्ड क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खण्डार, पुलिस थाना खण्डार, राजकीय डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रावास (अनुसूचित जनजाति) आदि का बुधवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खण्डार में मरीज बबलू, सुरेश, कविता आदि से अस्पताल में मिल रही चिकित्सा सेवाओं व दवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के परिसर में अतिरिक्त फ्लैक्स लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने औषधीय भण्डार केन्द्र में निरीक्षण के दौरान नियमित रूप से दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, अवधिपार दवाओं का नियमित रूप से निस्तारण करने के निर्देश संबंधित चिकित्सा अधिकारी को दिए। वहीं उन्होंने दवा वितरण केन्द्र पर मरीजों को अवधिपार दवा की आपूर्ति न हो इसकी सुनिश्चितता करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारी को प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई रखने एवं नकारा अनुपयोगी सामानों का तत्काल प्रभाव से निस्तारित करने के निर्देश दिए है। इस दौरान उन्होंने पुरूष-महिला वार्डो में जाकर भर्ती मरीजों से संवाद कर चिकित्सा व्यवस्थाओं एवं मिलने वाली दवाओं के बारे में जानकारी ली। इसके पश्चात उन्होंने प्रसव कक्ष, प्रयोगशाला आदि का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में निजी वाहनों की पार्किंग निषेध करने के निर्देश एसएचओ खण्डार को दिए। इस दौरान जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने राजकीय डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में अध्ययनरत बच्चों से संवाद कर उनके शैक्षणिक स्तर की जांच की। उन्होंने छात्रावास के कक्षों में रोशनी कम पाई जाने पर सभी कक्षाओं में आवश्यकतानुसार एलईडी ट्यूबलाईट लगवाकर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने क निर्देश हॉस्टल वार्डन विष्णु कुमार शर्मा को दिए। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में वॉशवेशन के टूटे पाईपों के स्थान पर नये पाईप लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सामग्री का स्टॉक रजिस्टर नहीं मिलने पर हॉस्टल वार्डन विष्णु कुमार शर्मा को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक गौरी शंकर मीणा को दिए। इस दौरान जिला कलक्टर ने पंचायत समिति खण्डार में प्रधान नरेन्द्र कुमार चौधरी सहित अन्य पंचायत समिति सदस्यों, सरपंचों आदि लोगों से स्थानीय समस्याओं के बारे में चर्चा की। इस दौरान उपस्थित पंचायत समिति सदस्यों द्वारा ट्रेक्टरों पर तेज आवाज में डीजे पर अश्लीन गाने बजाने की शिकायत जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक से की इस पर जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक ने संबंधित ट्रेक्टर चालकों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। इस दौरान मनरेगा योजना में कम काम स्वीकृत करने की शिकायत पर जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मनरेगा योजना के माध्यम से लाभकारी, सकारात्मक संरचनाओं के कार्य स्वीकृत कर मनरेगा में कार्य करने के इच्छुक श्रमिकों को काम दिलवाने के निर्देश दिए है। जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने खण्डार थाने में स्थित अनुसंधान कक्ष, बैरिक मुलाजमान, मालखाना, रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण कर संबंधित थानाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने हथियारों के रजिस्टर की जांच कर जिन लाईसेंसधारी व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है या जिन्होंने लाईसेंसों का पुनः नवीनीकरण नहीं करवाया है उन सभी के हथियार तुरन्त प्रभाव से पुलिस लाईन में जमा करवाने के निर्देश संबंधित थानाधिकारी को प्रदान किए। उन्होंने थानाधिकारी से खण्डार क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने थाने में कितने मुकदमे दर्ज हुए व कितने मुकदमे लंबित है इसकी जानकारी भी संबंधित थानाधिकारी से ली।

## महाविद्यालय में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का समापन



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निसं.)** चाकसू उपखंड क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय कोटखावदा (जयपुर) में 5 दिसंबर को महिला प्रकोष्ठ के तहत साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ज्योति मीणा द्वितीय स्थान पर जितेंद्र मीणा एवं मोसिना गुर्जर संयुक्त रूप से एवं तृतीय स्थान आचू योगी रही। निर्णायक मंडल में प्रो रामकुमार देवांगन, डॉ प्रीतम राज, डॉ सत्य नारायण शामिल रहे। वहीं प्राचार्य डॉ. शिप्रा वर्मा द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई दी। कार्यक्रम में बिन्नी साहू, अरविंद सैनी, सचिन कुमार उपस्थित रहे।

## बूथ स्तर पर नगर मंडल प्रभारी ने कार्यकर्ताओं के साथ ली बैठक



जयपुर टाइम्स

**चौमूँ((निसं.)।** आज भाजपा नगर मंडल चौमूँ में संगठन महापर्व-2024 के अंतर्गत बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा सदस्यता अभियान प्रभारी रतना कंवर और मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत की उपस्थिति में बूथ अध्यक्ष और बूथ कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इस मोके पर बूथ अध्यक्ष नीरू कुमावत, गुलाब चंद लम्बा, सुरेंद्र कुमावत, राजेंद्र प्रजापत, मदन गोरा, संदीप शर्मा, रजनी शर्मा, राहुल बगड़ा, सत्यनारायण पारीक, महेश सेरावत, महेंद्र यादव, मुकेश जांगिड, राजकुमार बराला सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रतिभाशाली बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया

जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निसं.)** चाकसू उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बापूगांव में प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान कर हौसला बढ़ाया गया। वहीं शिक्षक शंकरलाल बैनीवाल ने बताया कि विद्यालय में प्रतिदिन प्रार्थना सभा के दौरान सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने वाले बच्चों को प्रतिदिन पैन देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया जाता है।




## राणावत बने शराब ठेकेदार यूनियन के संभागीय अध्यक्ष,ठेकेदारों सहित यूनियन पदाधिकारियों ने दी बधाईयां

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निसं.)** लिकर कांट्रेक्टर यूनियन (शराब ठेकेदार यूनियन) संगठन को और अधिक मजबूती देने के लिये प्रदेशाध्यक्ष पंकज धनखड़ ने पाली संभाग अध्यक्ष पद पर त्रिपाल सिंह राणावत को सर्वसम्मति से संभाग अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि यूनियन आशा और विश्वास करती है कि राणावत बागड़ी द्वारा पाली संभाग में संगठन की मजबूती के लिये सभी ब्लॉक स्तर पर ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ कार्यकारणियों का गठन करेगें। राणावत कों अध्यक्ष पद पर मनोनीत करने पर मारवाड़-गोडवाड़ क्षेत्र से गेरालाल मेवाड़ा,चंदन सिंह, सज्जन सिंह पाली,जितेंद्र सिंह पेरवा, विक्रम मेवाड़ा,युवराज सिंह,महेंद्र बड़ा गुड़ा,प्रकाश मेवाड़ा रानी,शांतिलाल चंद्रशेखर मेवाड़ा घाणेराव, मुकेश गेहलोत,मूलचंद, मनीष सहित जैतारण ,सोजत, रोहट, जोजावर ,देसूरी बाली सहित पाली सुमेरपुर के सभी ठेकेदार बंधुओं ने त्रिपाल सिंह राणावत बागड़ी को बधाईयां दीं।वहीं प्रकाश गेहलोत,अनिल? मेवाड़ा चामुंडेरी,हरीश मेवाड़ा,तरुण सिंह,मदन सिंह गिरवर,नरेश चौधरी,छतर सिंह बोया, इंद्र सिंह पाली,महेंद्र मेवाड़ा,संजय लालचंद सहित पाली जिले के सभी ठेकेदारों ने इस नियुक्ति पर हर्ष जताते हुए प्रदेश नेतृत्व तथा प्रदेशाध्यक्ष पंकज धनखड़ का आभार जताया।

## आज मनाया जाएगा महापरिनिर्वाण दिवस

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निसं.)।** शहर के मोरीजा रोड़, बी-2, गुलाब विहार कॉलोनी में स्थित बलाई समाज सभा-भवन में शुक्रवार को सुबह 11 बजे बलाई विकास समिति जयपुर (मुख्यालय-चौमूं) के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार की अध्यक्षता में डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जाएगा। यह जानकारी समिति के महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ने दी।

## कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध देशी शराब बेचते एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में कोतवाली थाना अधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति रामकेश मीणा को अवैध देशी शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया।वहीं पुलिस ने व्यक्ति से 55 पव्वे अवैध देशी शराब के जब्त किए हैं। कोतवाली थाना अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा व पुलिस उपाधीक्षक उदय सिंह मीणा के निर्देशन में कोतवाली थाना अधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में अवैध मादक प्रदार्थ कि रोकथाम को लेकर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब बेचते एक व्यक्ति रामकेश मीणा निवासी जीनापुर को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस ने उक्त व्यक्ति से 55 अवैध देशी शराब के पव्वे भी जब्त किए है।


**राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर**

(राज्य सरकार का स्वयंपाठी विद्यार्थियों का बोर्ड)

एकलव्य भवन, डॉ० एस० राधाकृष्णन्, शिक्षा संकुल परिसर, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर फोन :- 0141-2717055, website : http://www.rsos.rajasthan.gov.in, e-mail : adgenrsos@gmail.com, rajasthansos@gmail.com

क्रमांक :- प.12. सा.प्र./टोनर-रिफिल/2024-25/2789 दिनांक :- 04/12/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 07/2024**

राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर के द्वारा सत्र 2024–25 के 20 सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु ऑनलाइन ई–निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण एवं शर्ते उक्त वेबसाईट **http//www.rsos.rajasthan.gov.in, http://www.sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है। ऑनलाइन निविदा फार्म डाउनलोड/अपलोड करने की अंतिम दिनांक 12.12.2024 को समय दोपहर 1:00 बजे तक है। निविदा की अनुमानित लागत लगभग 04 लाख रुपये है।

UBN No. : ROS2425SSSOB00013

राज.संवाद/सी/24/8727

सचिव
राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू**

क्रमांक - 3205-3218 दिनांक- 29/11/2024

**ई - निविदा सूचना संख्या- 19 / 2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट Uhttp://eproc.rajasthan.gov.in http://www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB No. - PWD 2425A3055

| S.No. | UBN NO. | S.No. | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2425WSOB11212 | 2 | PWD2425WSOB11213 |
| 3 | PWD2425WSOB11214 | | |

DIPR/C/12263/2024

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड चूरू

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सा0नि0वि0 वृत चूरू**

क्रंमाक- 1786 दिनांक- 29/11/2024

**ई - निविदा सूचना संख्या 05/2024-25**

इच्छुक निविदादाताओं सेजिला चूरू में एलएसजी का निर्माण कार्य (मय पाँच वर्ष के दोष निवारण व सुधार अवधि) कुल 10पैकेजो हेतु अनुमानित लागत राशि रू0 1110.84 लाख कीऑन लाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। कार्य के निविदा प्रपत्र दिनांक 23.12.2024 सांय 6.00 बजे तकऑनलाईन अपलोड करना आवश्यक होगा। उक्त निविदा से सम्बन्धित विवरण राज्य सरकार के प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in विभागीय वेबसाईट http:// pwd.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है।

एन.आई.बी.नं. - PWD2425A3043

यू. बी. एन नं-

| | |
|---|---|
| 1 | PWD2425WSOB11190 |
| 2 | PWD2425WSOB11192 |
| 3 | PWD2425WSOB11194 |
| 4 | PWD2425WSOB11196 |
| 5 | PWD2425WSOB11198 |
| 6 | PWD2425WSOB11200 |
| 7 | PWD2425WSOB11201 |
| 8 | PWD2425WSOB11202 |
| 9 | PWD2425WSOB11203 |
| 10 | PWD2425WSOB11205 |

DIPR/C/12241/2024

अधीक्षण अभियन्ता
सा.नि.वि वृतचूरू

**कार्यालय ग्राम पंचायत लाडाकाबास,**

**पंचायत समिति पावटा (जयपुर)**

क्रमांक- ग्रा.पं.ला/निविदा/2024-25/48 दिनांक- 02.12.2024

**ई-निविदा सूचना 2024-25**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत लाडाकाबास में नियम 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए,बी एवं सी तथा डी व ई श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड वर्ष) कार्य के लिए आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्तें एवं जी-शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/ व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN- ZJP 2425 WSOB 01513

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत लाडाकाबास

सरपंच
ग्राम पंचायत लाडाकाबास

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT CHHAJA KA NANGAL P.S. PATAN (NEEM KA THANA)**

DATE : 04-12-2024

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto Date 04.12.2024 and 10.12.2024, 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in & http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of work is maximum RS : 7.14 Lac.

UBN No. PKP2425WSOB00239

Sarpanch
G.P. CHHAJA KA NANGAL

VDO
G.P. CHHAJA KA NANGAL

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT JEELO P.S. PATAN (NEEM KA THANA)**

S. No. 380 DATE : 03-12-2024

**Notice Inviting Bid**

Bid for construction works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto 03-12-2024, 09:30 AM to 09-12-2024, 01:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the work is maximum RS 5.00 Lac

UBN No. PKP2425WSOB00235-238

Sarpanch
GP JEELO

VDO
GP JEELO

## आत्मरक्षा पर दिया व्याख्यान

जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना(निसं.)।** राजकीय कमला मोदी महिला महाविद्यालय में राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 महिला प्रकोष्ठ के कार्यक्रम के अन्तर्गत "आत्मरक्षा" पर गिरधारी लाल डॉवर (लीडर ट्रेनर स्काउट) की ओर से व्याख्यान दिया गया। डॉवर ने अपने सेवाकाल की कुछ घटनाओं को व्यक्त करते हुए छात्राओं को आत्मरक्षा व समसामयिक कानूनो की भी जानकारी दी। मानसिक मनोबल की अवधारणा को पुष्ट करते हुए छात्राओं को अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। भारत सरकार की ओर से लागू कानूनों में काम में ली जाने वाली शब्दावलियों को सरल भाषा में समझाया। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) मंजू वर्मा ने छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए महाविद्यालय परिवार की ओर से विकट परिस्थिति में हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. संदेश गौतम ने मुख्य वक्ता को उनके अमूल्य समय के योगदान के लिए धन्यवाद किया।

## अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना में अब 31 दिसम्बर तक कर सकेंगे आवेदन



जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना(निसं.)।** सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजनान्तर्गत आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर तक बढ़ा दी गई है। जिला मुख्यालय पर संचालित राजकीय महाविद्यालयों की स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं (केवल शैक्षणिक पाठ्यक्रमों कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय) में कमरा किराए पर लेकर नियमित रूप से अध्ययनरत छात्रों को आवास, भोजन व बिजली-पानी की सुविधाओं के लिए पुनर्भरण राशि के रूप में 2 हजार रूपए प्रतिमाह दिए जाएंगे। इच्छुक छात्र नजदीकी ई-मित्र या एसएसओ आईडी के माध्यम से 31 दिसम्बर तक आवेदन कर सकते है। योजना के दिशा-निर्देश व पात्रता की शर्ते विभागीय वेबसाइट पर देख सकते है।

## भगवान राम और मां जानकी के हाथों पर रचाई मेहंदी



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** राम जानकी विवाहोत्सव के उपलक्ष में चल रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन गुरूवार दोपहर मेहंदी की रस्म अदा करते हुए भगवान श्रीराम और माता जानकी के हाथों में मेहंदी रचाई गई। विवाहोत्सव की मुख्य आयोजक ललिता देवी व्यास ने बताया कि स्थानीय गनेड़ीवाल मंदिर में चल रहे आयोजन में उत्साहपूर्वक पहुंची सैकड़ों महिलाओं ने आपस में एक दूसरी के मेहंदी लगाते हुए भक्ति भाव पूर्वक आनंद लिया। व्यास परिवार की महिलाओं ने कुलदीप व्यास की ओर से प्रस्तुत गीत " मेहंदी लगाओ सखी मेहंदी लगाओ, राम नाम की मेहंदी मेरे हाथों पे लगाओ " के साथ मां जानकी के हाथों पर मेहंदी लगाई। ललिता देवी व्यास ने " मिसरी से मीठे बोल हमारी सीता रानी के ..." भजन की कर्णप्रिय प्रस्तुति दी । इस अवसर पर सुमन शर्मा व श्रद्धालु मातृ शक्ति ने एक से बढ़कर एक मेहंदी गीतों की प्रस्तुति देकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में कमला देवी चांडक,लीला देवी जोशी, मंजू पेड़ीवाल, जमुना प्रजापत, चंदा सोनी, मैना शर्मा, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## टूटी सड़क दे रही हादसों को न्यौता



जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निसं.)।** कस्बे के वार्ड नं 31 व 35 के बीच एसएच 37 उदयपुरवाटी से गुढ़ागौड़जी की तरफ जाने वाली सड़क कई जगहों से टूट चुकी है। स्थानीय लोगो ने बताया कि टूटी सड़क के कारण कई बाइक फिसल जाती है जिससे लोग चोटग्रस्त हो रहे हैं। स्थानीय लोगो ने कहा कि कस्बे से 16 किलोमीटर दूर टोल वाहन चालकों से टोल वसूल रहे है लेकिन उस लायक सड़के तो बनाओ, जगह जगह पेच लगा कर कार्य की गुणवत्ता को छिपा रहे।

## कृषि उपज मंडी में कार्यशाला आज

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** कृषि उपज मण्डी समिति झुंझुनूं कार्यालय में शुक्रवार को सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करने व योजना के अन्तर्गत लाभ लेने के इच्छुक अन्यार्थियों के मौके पर ही आवेदन पत्र लेने के लिए राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड जयपुर की एसपीएमयू टीम की ओर से कार्यशाला रखी गई है। मंडी सचिव प्यारेलाल महला ने बताया कि कार्यशाला में सभी बैंकों के अधिकारी, कृषि उपज मण्डी समिति के सचिव, जिला रिसोर्स पर्सन, अग्रणी जिला प्रबन्धक इत्यादि उपस्थित रहेगें। उन्होंने अधिक से अधिक व्यक्तियों व व्यापारियों को इस कार्यशाला में उपस्थित होकर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

### पीएम-एफएमई योजना

# उद्यमियों को मिलेगा 10 लाख तक का पूंजीगत अनुदान

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** केन्द्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) अन्तर्गत उद्यमियों को 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रु का पूंजीगत अनुदान दिया जाएगा। झुंझुनूं कृषि मण्डी सचिव प्यारेलाल महला ने बताया कि योजना अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नए व मौजूदा इच्छुक उद्यमी को 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख की राशि तक का पूंजीगत अनुदान दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए मण्डी समिति झुंझुनूं से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### इन उद्योगों में आवेदन करने वाले उद्यमियों को मिल सकेगा लाभ

महला ने बताया कि अचार निर्माण, पापड़ निर्माण, बड़ी निर्माण, ब्रेड निर्माण, बिस्कुट निर्माण, चनाचूर उत्पादन, चिप्स निर्माण, कुरकुरे निर्माण, जैम / जैली निर्माण, जूस (फुट जूस पैकड) साबुदाना निर्माण, पेठा निर्माण, नमकीन या मिक्चर, सेवई निर्माण, आइसकैंडी निर्माण, सतु निर्माण, दाल निर्माण, पेड़ा निर्माण, पनीर निर्माण, गजक निर्माण, चिकी निर्माण, पोटेटो फ्रेंच फाई निर्माण, हल्दी निर्माण, मसाला उत्पादन, मिर्ची पाउडर, गरम मसाला उत्पादन, पोहा निर्माण, शहद निर्माण, उपमा निर्माण, चना भुजा निर्माण, चिवडा उत्पादन, ड्राई फुट निर्माण, कैचअप निर्माण, सोंस निर्माण, पास्ता व मेकोनी निर्माण, मूढी उत्पादन, धान मिल, तेल मिल, आईसक्रीम निर्माण, केक निर्माण, टोस्ट निर्माण, मिल्क प्लांट उद्योग, घी उद्योग, पशु आहार उद्योग, मछली आहार उत्पादन, मुर्गी आहार उत्पादन, मशरूम उत्पादन, कार्बोनेट वाटर उधोग, आटा चक्की उद्योग, मखाना उत्पादन, नूडल्स निर्माण, गुड उत्पादन, सोयाबीन का पनीर, धनिया पाउडर, ड्राई प्याज निर्माण लहसुन, प्याज, अदरख पेस्ट निर्माण, मिठाई निर्माण (रसगुल्ला, गुलाबजामुन), चॉकलेट निर्माण, पोपकॉर्न निर्माण, तिलकुट निर्माण (गजक), ऑटस (दलिया) निर्माण, स्नेक्स (मकेन) निर्माण, चटनी निर्माण, मिश्री दाना निर्माण, बतासा निर्माण या कृषि से संबंधित किसी भी फसल की प्रोसेसिंग करने के लिए इच्छुक उद्यमी आवेदन कर सकते हैं।

### आवेदन के लिए ये आवश्यक दस्तावेजः

इच्छुक उद्यमी को मालिक का आधार कार्ड और पेन कार्ड की कॉपी, व्यापार भागीदार के आधार कार्ड और पैन कार्ड की कॉपी, पंजीकरण प्रमाण पत्र, निगमन प्रमाण पत्र, उधम आधार, पते के सबूत उपयोगिता बिल, पानी का बिल, लैंडलाइन बिल, पिछले 6 महीने-बैंक स्टेटमेंट, बैंक पासबुक कॉपी, प्रस्तावित उद्योग के लिए मशीनरी का कोटेशन के साथ आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होगें।

### जिला रिसोस पर्सन से मिलेगी आवेदन करने में सहायताः

पीएम- एफएमई योजना में जिला रिसोर्स पर्सन की सहायता से निःशुल्क आवेदन कर सकते है, जिसमें प्रशिक्षण व तकनीकी सहायता भी प्रदान की जाएगी।

## पालनहार योजना में नवीन पंजीयन व सत्यापन प्रारंभ

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं)।** लक्ष्मणगढ़ उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा ने प्रेस नोट जारी किया जिसमें आमजन से अपील करते हुए उपखंड अधिकारी ने कहा है कि सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार की ओर से"मिशन पालनहार मित्र" अभियान के अंतर्गत पालनहार योजना में लाभ प्राप्त कर रहे वंचित बालक- बालिकाओं का शैक्षणिक सत्र 2024-25 का शत-प्रतिशत वार्षिक नवीनीकरण (सत्यापन ) करवाने और वंचित पात्र बालक- बालिकाओं के नवीन पंजीयन किया जा रहा है इसलिए सभी से अपील की जाती है कि सभी पात्र बालक- बालिकाओं का संबंधित विद्यालय/महाविद्यालय /आंगनबाड़ी से प्रमाण पत्र प्राप्त कर ई-मित्र के जरिए से सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण करें ताकि लाभार्थी विद्यार्थियों को सहायता राशि दी जा सके। साथ ही पात्र वंचित लाभार्थियों को नवीन पंजीयन के लिए सूचित करें एवं अधिक जानकारी के लिए लक्ष्मणगढ़ सामाजिक सुरक्षा अधिकारी भंवरलाल थालोड़ से 9461012250 मोबाइल नंबर पर सम्पर्क कर सकते है।"मिशन पालनहार मित्र" अभियान के अंतर्गत पालनहार योजना में लाभ प्राप्त कर रहे वंचित बालक- बालिकाओं का शैक्षणिक सत्र 2024-25 का शत-प्रतिशत वार्षिक नवीनीकरण (सत्यापन ) करवाने तथा वंचित पात्र बालक- बालिकाओं के नवीन पंजीयन किया जा रहा है इसलिए सभी से अपील की जाती है कि सभी पात्र बालक- बालिकाओं का संबंधित विद्यालय/महाविद्यालय /आंगनबाड़ी से प्रमाण पत्र प्राप्त कर ई-मित्र के जरिए से सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण करें ताकि लाभार्थी विद्यार्थियों को सहायता राशि दी जा सके। साथ ही पात्र वंचित लाभार्थियों को नवीन पंजीयन के लिए सूचित करें और अधिक जानकारी के लिए लक्ष्मणगढ़ सामाजिक सुरक्षा अधिकारी भंवरलाल थालोड़ से 9461012250 मोबाइल नंबर पर सम्पर्क कर सकते है।

## एसडीएम ने सरकारी कार्यालय और पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का किया निरीक्षण

### बिजली पानी और चिकित्सा की सुचारु व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निसं.)** उपखंड इलाके के ईटावा-भोपजी स्थित सरकारी कार्यालयों का गुरुवार दोपहर औचक निरीक्षण करने के लिए एसडीएम दिलीप सिंह राठौड़ पहुंचे। वही ईटावा-भोपजी स्थित ग्राम पंचायत कार्यालय में सरपंच सुनीता सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हो रही पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में भी एसडीएम पहुंचे। वहीं एसडीएम ने जनसुनवाई का निरीक्षण भी किया और जनसुनवाई में ग्रामीणजनों ने बिजली, पानी, चिकित्सा सहित अन्य समस्याओं को लेकर एसडीएम को अवगत करवाया। इस मौके पर एसडीएम दिलीप सिंह राठौड़ ने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर अटल सेवा केंद्र,अन्नपूर्णा रसोई,आंगनबाड़ी केंद्र, महात्मा गांधी स्कूल का भी निरीक्षण कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान अन्नपूर्णा रसोई में एसडीएम दिलीप सिंह राठौड़ ने भोजन का स्वाद भी चखा। एसडीएम दिलीप सिंह राठौड़ ने बताया कि राजकीय कार्यालयों व ग्राम पंचायत, पटवार हल्का कार्यालय, आयुर्वेदिक अस्पताल, महात्मा गांधी विद्यालय, अन्नपूर्णा रसोई एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया गया। जल जीवन मिशन के तहत आ रही समस्याओं के संबंध में अधिकारियों को अन्तरविभागीय समन्वय स्थापित कर समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। और ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी ली एवं इनको समयबद्ध तरीके से पुर्ण करने के लिए निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत में स्थित विद्यालय में बच्चियों के लिए विभागीय नियमानुसार शौचालय निर्माण करवाया जाये। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ईटावा भोपजी का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान सीएचसी प्रभारी को निर्देशित किया कि मौसमी बिमारियों एवं बदलते मौसम में ग्रामवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले। इसकी सुनिश्चिता की जाये और साथ ही टीकाकरण कार्य समयबद्ध तरीके से किया जाए। इस मौके पर डॉ दिनेश यादव, डॉ राकेश सैनी एवं सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर ने भाड़ोती व भारजा नदी में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में गुरूवार को ग्राम पंचायत भाड़ोती व भारजा नदी में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर ने कहा कि गांवों में साफ-सफाई रखना प्रत्येक ग्रामीण की जिम्मेदारी है। जनसुनवाई में विद्युत, पंचायतीराज, राजस्व, सार्वजनिक निर्माण विभाग से संबंधित शिकायते प्राप्त हुई। इस पर जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारी को जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इसके पश्चात् जिला कलक्टर ने सीएचसी मलारना डूंगर, पंचायत समिति उपखण्ड कार्यालय व तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीएचसी में वाहन पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अस्पताल में होने वाली जांचो के नाम हिन्दी में सदृश्य स्थान पर लिखने व टीकाकरण करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटवाने व भूमिहीनो को पट्टा देने हेतु निर्देशित किया।

## जरूरतमंदो को गर्म वस्त्र बांटे



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** कस्बे में स्थित कच्ची बस्ती में नेहरू युवा के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी मधु यादव के नेतृत्व में मंडावा ब्लॉक के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नरेंद्र सिंह भाटी की ओर से अंतराष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक दिवस पर कच्ची बस्तियों व जरूरतमंदो को गर्म कंबल व कपड़े वितरित किए। इस अवसर पर दिलराज सिंह, योगेश शर्मा, मनीष कड़वासरा, पवन सैनी, हिम्मत सिंह उपस्थित रहे।

## 2 दिन आगे बढ़ी युवा महोत्सव की तिथि

**बिजौलिया(निस)।** युवा महोत्सव के आयोजन की तिथि 2 दिन आगे बढ़ाकर 9 दिसम्बर की गई । मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि पंजीयन में हुनरमंद युवाओं को अधिक अवसर देने के लिए तिथि आगे बढ़ाई गई है। सिंह ने बढ़ी हुई तिथि के मद्देनजर अधिक से अधिक युवाओं को पंजीयन कराने की अपील की है।युवा महोत्सव में स्कूल-कॉलेज में अध्यनरत 15 से 29 आयु वर्ग युवाओं के साथ हर वर्ग के सभी प्रतिभाशाली युवा अपना पंजीयन कर सकते हैं।

## हर्षोल्लास से मनाया जोशी का जन्मदिन



**बिजौलियां(निस)।** जोगणिया माता शक्तिपीठ प्रबन्ध एवं विकास संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी का जन्मदिन कमेटी सदस्यों द्वारा कमेटी कार्यालय पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।वहीं भट्टों का बामणिया श्रीपंचमुखी दरबार आसन से गुरुदेव श्रीमहेंद्र जी भट्ट ने भी जोशी को आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर जोशी के द्वारा जोगणियां माता मंदिर पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। कमेटी सदस्यों द्वारा जोशी को साफा पहनाकर माल्यार्पण के साथ मुंह मीठा करवा कर जन्मदिन की बधाई दी गई। इस अवसर पर कमेटी उपाध्यक्ष रमेश गुर्जर, दलपत सिंह सांखला, वेदाचार्य नारायण लाल शर्मा, शंकर लाल धाबाई, महेंद्र सोलंकी, धनराज छीपा, निलेश सनाढ्य, शैतान प्रजापत, शेखर चंद्रवाल, अरुण शर्मा, कैलाश नाथ समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

## जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने किया स्टीकर का विमोचन



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के 26 वे स्थापना दिवस पर स्टीकर का विमोचन किया और हिंदुस्तान स्काउट स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। विमोचन के बाद स्टीकर खरीद कर कलेक्ट्रेट कार्यालय के समस्त कर्मचारी को भी वितरित करवाया गया। साथ ही अतिरिक्त जिला कलक्टर रतनलाल स्वामी व जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक (जिला आयुक्त) शीशराम कुल्हरी ने भी स्काउट गाइड स्टीकर (फ्लैग) का विमोचन किया। जिला ऑर्गेनाइजर मुकेश कुमार सैनी ने बताया कि हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड संगठन को आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने के लिए राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से स्टीकर (फ्लैग) विक्रय वितरण योजना प्रारंभ कर रू10 प्रति स्टीकर मूल्य का स्काउट गाइड स्टीकर (फ्लैग) जारी किया गया है। जिसकी प्राप्त राशि से राज्य मुख्यालय उदयपुर राष्ट्रीय मुख्यालय दिल्ली पर एक आरक्षित कोष तैयार किया जा रहा है जिसका उपयोग संगठन की सेवाभावी गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न आपदाओं में जैसे भूकंप, बाढ़ ,अग्निकांड दुर्घटना इत्यादि से पीड़ित व्यक्तियों के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर रोवर लीडर सुरेंद्र यादव व हिमांशु कालावत मौजूद रहे।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाटास में नवीनीकरण कार्य प्रारंभ



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाटास के नवीनीकरण कार्य का प्रारंभ क्रियट स्टोरीज सोशियल वेलफेर सोसाइटी इंदौर की ओर से गुरुवार को प्रारंभ किया गया। दीपक शर्मा इंदौर के सहयोग से प्रधानाचार्य ओम नारायण की अध्यक्षता व दयाराम शर्मा मुख्य अतिथि रहे। प्रवीण केडिया, राजवीर झाझडिया, राहुल, महेश रावत, दीपक सहित समस्त स्टाफ नाटास की मौजूदगी में कार्य प्रारंभ हुआ। सोसाइटी इंदौर की तरफ से पवन मकवाना व राकेश सम्मिलित हुए। हवासिंह बामिल ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान अनिल राज रोजड़िया, शुभकरण जांगिड़, सतीश कुमार, देशराज मीणा, संजय कुमार, मुन्नी मीणा, मनीष कुमावत, अनीता, शशीकला मीणा, सुनील कुमार सैनी, धनाराम, सुरेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, अशोक कुमार भार्गव, गोकुल सिंह सोलंकी, रामजीलाल सहित अन्य मौजूद रहे।

## जिला कलेक्टर ग्राम स्तरीय जनसुनवाई में पहुंचे



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने गुरुवार को जिले की ग्राम पंचायतों में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत टीटनवाड़ और सींथल ग्राम पंचायत में आयोजित जनसुनवाई में हिस्सा लिया। उन्होंने यहां मौजूद सरपंच, पटवारी और ग्राम विकास अधिकारी से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों के परिवाद सुनकर समीक्षा करते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं ग्राम पंचायत सींथल में सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी से चर्चा कर आबादी विस्तार के प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी साथ रहे।

## *बाल विवाह के खिलाफ विद्यार्थियों को किया जागरूक*



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निसं.)।** बाल विवाह के खिलाफ गुरुवार को चाईल्ड हेल्प लाइन झुंझुनूं के सदस्य नरेंद्र सिंह भाटी व पुलिस विभाग मंडावा के संयुक्त तत्वाधान में सनातन धर्म पंचायत सी.से. स्कूल मंडावा में छात्र छात्राओं को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। गई। इस अवसर पर मंडावा थाने के अमरचंद और सुनीता कुमारी,डॉ विद्या पुरोहित ने बच्चों को डिजिटल क्राइम, यातायात नियम, पॉस्को एक्ट, गुड टच, बेड टच को लेकर जागरूक किया।

## राठौड़ ने 25 लाख की लागत से बने कमरों का उदघाटन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने गुरुवार को बुचावास सरपंच प्रतिनिधि रमेश व्यास की अध्यक्षता में तारानगर के निकटवर्ती गाँव चुन्नाराम की ढाणी (बुचावास ) की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में समग्र शिक्षा अभियान के तहत 25 लाख रूपये की लागत से बनाए गए कक्षा कक्षों का उदघाटन किया। इस मौके पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भरपूर प्रयास किए जा रहे है। डबल इंजन की सरकार में समग्र शिक्षा अभियान को बढ़ावा दिया जा रहा है। विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार में राजेंद्र सिंह राठौड़ की बदौलत इस विद्यालय में 25 लाख की लागत से 4 कमरों का निर्माण हुआ है। मंडल अध्यक्ष रणजीत तंवर ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर सीताराम सुथार, रामेश्वर थालोड़, लिखमाराम, पूनमचंद, मुखराम, जितेंद्र, भंवरलाल, किशन, मनफूल बैद, मदन गुरी, ताराचंद कस्वां, शीशपाल, रिछपाल सुथार, रामकुमार यादव, ओंकारमल छाबड़ा, रेवंतमल सहित विद्यालय स्टाफ व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भव्य भजन संध्या आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** सेठ जयदयाल गोयनका के बाद चूरू और भारत की धरती पर सत्य सनातन धर्म और गीता प्रेस गोरखपुर के ट्रस्टी गौ सेवक व गीता क्लासेज चूरू के संस्थापक मुरली मनोहर सर्राफ के जन्म दिवस पर बुधवार रात्री को भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आचार्य जनार्दन ने गणेश वंदना से किया। इस अवसर पर प्रमोद गौड़, प्रहलाद भाटी, बंटी बजाज, गणेश पुरोहित, सविता शर्मा, अंकित शर्मा सहित अनेक लोगों ने भजनों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर प्रमोद गौड़, प्रहलाद भाटी, बंटी बजाज, गणेश पुरोहित, सविता शर्मा, अंकित शर्मा सहित अनेक लोगों ने भजनों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दी। इस दौरान सभी ने मुरली सर्राफ के दीर्घायु होने की कामना की। संजय सिंघानिया ने बताया कि कार्यक्रम में राजू गोटेवाला, हरिकिशन भैड़ा, महेश शर्मा सहित प्रभात फेरी टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## विमुक्त घमन्तू लोगों को मिला शिविर का लाभ




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पंचायत समिति सभागार में विमुक्त घुमन्तू व अर्द्धघुमन्तू लोगों के लिए सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जाति व मूल निवास प्रमाण पत्र 27 लाभार्थियों के जारी किए गए। चिकित्सा विभाग की ओर से 30 लोगों के बीपी, शुगर व चिकित्सकीय जांच की गई। इस अवसर पर विकासव अधिकारी मेजर अली, तहसीलदार राजू देवी, समाज कल्याण अधिकारी बाबूलाल, सहायक विकास अधिकारी रामानंद फलवाड़िया, कमलकान्त बैदी सहित पटवारीगण और ग्राम विकास अधिकारीगण मौजूद रहे। प्रोग्रामर गौरीशंकर नाई, सरपंच कन्हैयालाल शर्मा, मुकेश मेघवाल आदि भी मौजूद रहे।

## दूषित पेयजल आने से लोग परेशान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के अनेकों मोहल्लों में पेयजल सप्लाई के दौरान दूषित पेयजल आने की शिकायतें मिल रही हैं, जिसके कारण नागरिकों में आक्रोश देखा जा सकता है। ऐसा ही नजारा तीन नम्बर रेल फाटक के पास देखने को मिला जब रामनारायण रूलाणिया के आवास पर पानी की सप्लाई आई, तो पानी में सर्फ के जैसे झाग निकलते नजर आए।



रूलाणिया ने बताया कि पानी बदबू भी मारता है, जिसके कारण कई बार रात में पानी सप्लाई होने पर लोगों के कुंड का पानी खराब होने का अंदेशा रहता है। किसान सभा अध्यक्ष तेजपाल गोदारा ने बताया कि अगर कोई स्वस्थ आदमी इस दूषित पानी का सेवन कर ले, तो वो बीमार हो सकता है। लोगों को इसके सेवन से चर्म रोग हो सकते हैं, इसलिए हमारी मांग है कि समस्या का समाधान कर जनता को राहत प्रदान की जाए। दूसरी ओर इस बारे में जलदाय विभाग के सहायक अभियंता कैलाश वर्मा ने बताया कि जहा-जहां से दूषित पेयजल आने की शिकायत मिलती है, वहां पर आपणी योजना के ठेकेदार को लिखा जाकर समाधान करवाया जाता है और तीन नम्बर फाटक के पास भी समाधान करवाया जायेगा। दरअसल पानी की पाईप लाईनों के आस-पास सिवरेज के पाईप आ जाने से ये दिक्कत हो रही है। जिसका जनता की शिकायत मिलने पर समाधान करवाया जाता है।

# परिवहन विभाग की कार्यवाही से बस चालकों में मचा हड़कंप

## 15 प्राइवेट बसों के कागजात नहीं मिले तो काटे चालान

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के कच्चा बस स्टैंड पर गुरुवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब चूरू परिवहन विभाग के उप निरीक्षक रोबिन सिंह अपनी टीम के साथ प्राइवेट बसों के खिलाफ कार्यवाही करने पहुंचे। उप निरीक्षक रोबिन सिंह ने कार्यवाही करते हुए 15 प्राइवेट बसों के चालान काटे जो बिना फिटनेस, बिना इंश्योरेंस, बिना परमिट और बिना टैक्स के चल रही थी। कच्चा बस स्टैंड पर जैसे ही बस मालिकों को पता लगा की परिवहन विभाग की ओर से कार्यवाही की जा रही है तो बस मालिकों में हड़कंप मच गया और एक बार कच्चा बस स्टैंड पूरी तरह से खाली नजर आया। कच्चा बस स्टैंड पर बसों का आवागमन एक बार बंद नजर आया। उप निरीक्षक रोबिनसिंह जब 15 बसों के चालान काटकर रवाना हो रहे थे तभी उनकी नजर एक बस पर पड़ी जिसका बस ड्राइवर परिवहन विभाग की टीम को देखकर घबरा सा आ गया। उपनिरीक्षिक रोबिन सिंह ने जब बस को सही तरीके से चेक किया तो नंबर प्लेट और चेचिस नंबर का मिलान नहीं हुआ। रोबिनसिंह ने बताया कि इस बस पर किसी 25 सीटर मिनी बस की नंबर




प्लेट लगाई हुई है। जबकि यह बस बड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृश्य यही प्रतीत हो रहा है कि यह बस चोरी की है। परिवहन विभाग की टीम जब बस की चेकिंग कर रही थी इसी दौरान बस ड्राइवर मौका पाकर बस को चालू छोड़कर ही भाग गया। परिवहन विभाग की टीम ने बस को सीज कर पुलिस थाने में खड़ा किया है। वहीं परिवहन विभाग की टीम अब आगे की जांच में जुटी हुई है।

## भागवत श्रवण से मिलता है पुण्य

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निसं.)।** मावलिया बास स्थित जीण माता मंदिर वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में आयोजित देवी भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक कृष्णानंद महाराज ने प्रवचन करते हुए बताया कि नवरात्रि में 9 दिन तक देवी भागवत श्रवण- अनुष्ठान करने पर मनुष्य सभी पुण्य कर्मों से अधिक फल पा लेते हैं, इसलिए इसे नवाह यज्ञ भी कहा गया है, जिसका उल्लेख देवी भागवत पुराण में खुद भगवान शंकर व सूतजी ने किया है। जिन्होंने कहा है कि जो दूषित विचार वाले पापी, मूर्ख, मित्र द्रोही, वेद व पर निंदा करने वाले, हिंसक और नास्तिक हैं, वे भी इस नवाह यज्ञ से भक्ति और मुक्ति को प्राप्त कर लेते है। कृष्णानंद महाराज ने बताया कि ब्रह्मा, विष्णु और महेश के स्वरूप में माँ भगवती ही परब्रह्म शक्ति विद्यमान है जो जगत का पालन, सृजन और संहार करती है। कथा में सजीव झांकियों के साथ माता जी का चुनरी उत्सव मनाया गया। आयोजन में नरेंद्र इंदौरिया, श्यामलाल चमड़िया, मुरारीलाल पारिक, श्रवण कुमार मीणा, लालचंद नोखवाल, एल. डी. प्रजापत, नंदकिशोर भार्गव, मांगीलाल बावलिया, बनवारी लाल हारीत, पूर्णमल भाटिवाल, नागरमल घोड़ेला, पुनीत आत्रेय भवानीशंकर बगरानिया, किशनलाल निरानिया, गोपाल सैनी, परमेश्वरलाल बावलिया आदि श्रोता उपस्थित रहे।

## तहसीलदार गोरा ने किया मिड डे मिल का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार तहसीलदार अशोक गोरा ने झारिया गांव में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार गोरा ने मीड-डे-मील का निरीक्षण किया, बच्चों से भोजन की गुणवत्ता के बारे में जाना व बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। उन्होंने पुस्तकालय का निरीक्षण किया व कक्षा-कक्षों में जाकर विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कैरियर गाइडेंस दी। उन्होंने कहा कि समर्पण व निरंतर अभ्यास कौशल विकास का सक्षम आधार है। कैरियर की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विद्यार्थी जीवन से ही अनुशासन का पालन करें। विद्यार्थी परीक्षाओं की तैयारी अपने पाठ्यक्रम के अनुसार करेंगे तो परिणाम निश्चित तौर पर इच्छानुरूप होंगे। इसी के साथ नियमित अध्ययन को अपनी रूचि बनाएं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान बच्चों से किताबें पढ़वाकर और गृहकार्य की जांच का मूल्यांकन किया व विद्यालयों में बने छात्र-छात्राओं के लिए शौचालयों की व्यवस्था देखी। तहसीलदार ने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों को दिये जाने वाले पोषाहार में गुणवता मेंटेन रखें इसी के साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वागीण विकास करें। शिक्षक छात्र-गतिविधियों को बढावा दें और कैरियर के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक



करे। निरीक्षण के दौरान अशोक गोरा ने मतदान केन्द्रों का का निरीक्षण किया और संबंधित बीएलओ व सुपरवाईजर को लक्ष्य अनुसार फॉर्म नं. 6 भरने के निर्देश प्रदान किए। साथ ही मतदाता सूचियों में प्रत्येक मतदाता के नाम, पिता का नाम, फोटो आदि की गहनता से जांच कर मतदाता सूची को आज दिनांक तक अद्यतन करने के निर्देश प्रदान किए और लक्ष्य के अनुसार नए मतदाता का पंजीकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान निजी सहायक सुरेश कुमार, विद्यालय स्टाफ व संबंधित सुपरवाईजर व बीएलओ उपस्थित रहे।

## *देव संस्कृति विद्यालय कर रहा सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार*

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के शाकंभरी विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरूवार को गायत्री परिवार की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के प्रसिद्ध विद्यार्थियों सूर्यकांत, अनुपम व अमन ने देव संस्कृति विश्वविद्यालय की ओर से चलाए जा रहे पाठ्यक्रमों, गायत्री परिवार के विभिन्न प्रकल्प, सनातन संस्कृति से जुड़े नैतिक मूल्य, जीवन प्रबंधन, नशा मुक्ति व योग प्राणायाम के बारे में जानकारी प्रदान की और विद्यार्थियों को योग्य प्राणायाम का अभ्यास करवाकर उनसे होने वाले लाभों के बारे में बताया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के ओमप्रकाश पारीक ने बताया कि गायत्री परिवार संपूर्ण विश्व में भारतीय संस्कृति व नैतिक मूल्यों के प्रचार प्रसार हेतु कार्य कर रहा है और समाज में व्याप्त कुरीतियां को समाप्त करने के लिए जन जागृति ला रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित बनवारी लाल जांगिड़ ने गायत्री परिवार की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों व प्रकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान की। प्रधानाचार्य भरत गौड़ ने विद्यार्थियों के लिए उपयोगी इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए गायत्री परिवार का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से अपने जीवन में इनको उतारने का आह्वान किया।

## घर से नकदी और ज्वेलरी लेकर युवती लापता

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के प्रतिभा नगर से एक युवती के नकदी और ज्वेलरी के साथ लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के भाई की रिपोर्ट पर कोतवाली थाने में गुमशुदगी दर्ज हुई है। मामले की जांच एएसआई लक्ष्मणसिंह कर रहे है। कोतवाली थाना के एएसआई लक्ष्मण सिंह ने बताया कि वार्ड 54 प्रतिभा नगर के पंकज सैन (34) ने रिपोर्ट दी की दो दिसम्बर 2024 की शाम को जब वह लोग घर आए तो उसकी बहन सुनीता उर्फ तनु (21) घर पर नहीं मिली। परिवार के लोगों ने आसपास पूछताछ की। इसके अलावा रिश्तेदारों को फोन कर पता किया लेकिन काफी खोजबीन करने के बाद भी सुनीता का कोई पता नहीं लगा। जब उन्होंने घर पर देखा तो कमरे के अंदर आलमारी खुली हुई थी। जिसमें देखने पर सामने आया कि अलमारी से कपड़े, सोने के आभूषण और 40 हजार रुपए नकद भी गायब मिले। उन्होंने बताया कि पंकज की रिपोर्ट पर गुमशुदगी दर्ज की गई है। पुलिस की ओर से युवती की तलाश शुरू कर दी गई है।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन जारी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ शहर व ग्रामीण में सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का सत्यापन कार्य जारी है। उपखंड कार्यालय के अनुसार सुजानगढ़ शहर में 11281 में से 7667 पेंशनर्स का सत्यापन हो चुका है। जो कुल 68 प्रतिशत है और 3614 पेंशनर्स का सत्यापन बाकी है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में 22906 में से 11807 का सत्यापन हो चुका है। कुल 11099 लोगों का भौतिक सत्यापन बुधवार शाम तक बकाया था। वहीं 31 दिसम्बर तक सत्यापन जारी रहेगा। लोगों से जल्द से जल्द नजदीकी ई मित्र पर और वहां समाधान न होने पर उपखंड कार्यालय में सत्यापन पूर्ण करवाने की अपील की जा रही है।

## मोबाइल टावर लगाने का विरोध, एसडीएम को ज्ञापन, दी चेतावनी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के बीकानेर रोड पर मालजी गार्डन के सामने वार्ड 18 में जिओ 5त्र का मोबाइल टावर लगाने पर वार्ड के लोगों ने विरोध जताते हुए एसडीम को ज्ञापन देकर मोबाइल टावर को नहीं लगाने के लिए अपील करते हुए ज्ञापन दिया गया है। वार्ड के लोगों ने ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड में अशोक कुमार पारीक की ओर से अपने प्लॉट में जिओ 5त्र का मोबाइल टावर लगाया जा रहा है। जिसका पूरा मोहल्ला विरोध कर रहा है। जिसके चलते मोबाइल टावर लगने पर स्थिति खराब भी हो सकती है। वार्ड के लोगों ने स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देते हुए मोबाइल टावर को नहीं लगाने की मांग की है। वार्ड के लोगों ने बताया कि अगर वहां पर कंपनी की ओर से मोबाइल टावर लगाया गया तो पूरा मोहल्ला आंदोलन करने को मजबूर होगा। वार्ड के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर मोबाइल टावर को वहां पर लगने से रोकने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में ओमप्रकाश सैनी, अजय कुमार, राकेश जांगिड़, मोहित कुमार सोनी, श्यामलाल सोनी, कन्हैयालाल जांगिड़, दिलीप खाती, सूर्य प्रकाश सैनी, बजरंग लाल, सुंदरलाल जाखड़, योगेश जांगिड़, हेमंत शर्मा, सुनील सैनी सहित बड़ी संख्या में वार्ड के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर टावर नहीं लगाने की मांग की है।

## जलदाय विभाग मांग रहा नगरपरिषद में 95 लाख




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद के विभिन्न पेयजल कनेक्शनों के 95 लाख रूपए बकाया चल रहे हैं और जलदाय विभाग के अधिकारी तकादा कर रहे हैं, लेकिन भुगतान नहीं हो रहा है। जलदाय विभाग के सहायक अभियंता कैलाश वर्मा ने बताया कि नगरपरिषद से बार-बार अनुरोध किए जाने के बाद भी भुगतान नहीं हो रहा है। वर्मा ने बताया कि कुल 64 पेयजल कनेक्शन नगरपरिषद के हैं, जिनका वर्षों से भुगतान बकाया चल रहा है। दूसरी ओर इस मामले में नगरपरिषद के आयुक्त मघराज डूडी ने बताया कि कुल 64 कनेक्शन बताए जा रहे हैं, उनमें से कई कनेक्शन ऐसे हैं, जो हमारे काम ही नहीं आ रहे हैं। ऐसे कनेक्शनों को कटवाये जाएगा। इसी प्रकार जो कनेक्शन सुचारू हैं, केवल उन कनेक्शनों के पानी बिल का भुगतान किया जा सकता है। साथ ही इसमें बकाया की बार-बार पैनल्टियां लगकर इतनी बड़ी राशि हो गई है, जबकि वास्तविक राशि काफी कम निकलेगी। बजट की उपलब्धता होने पर भुगतान किया जाएगा।

## जिला स्तरीय मिनी जंबूरी में भाग लेकर लौटे स्काउट दल का अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के शाकम्भरी विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम में चूरू में आयोजित मिनी जंबूरी में भाग लेकर लौटे विद्यालय के स्काउट दल का विद्यालय परिवार की ओर से अभिनंदन किया गया। स्काउट लीडर प्रेम प्रकाश नाई के नेतृत्व में विद्यालय के 13 स्काउट्स ने मिनी जंबूरी में भाग लेकर के उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के दल को अनुशासन के क्षेत्र में जंबूरी का द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। विद्यालय को स्काउट संघ की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य भरत गौड़ ने कहा कि स्काउटिंग व्यक्ति में अनुशासन, स्वावलंबन, सहयोग व सेवा भावना और भाईचारे का विकास करता है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए स्काउटिंग एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। इस अवसर पर गाइड लीडर दिव्या गौड़, ओमप्रकाश सुथार, सुनील भोजक, आनंद मीणा, दीपक सेन, ललिता जांगिड़, संदीप दर्जी, स्वाति वैष्णव, रेणू मिश्रा, सोनू शर्मा, अयूब रंगरेज, शोभा चारण, ममता सोनी, मोनिका सैनी आदि उपस्थित रहे।

## विधायक पहुंचे माताजी का खेड़ा शिविर में, 155 घुमंतु परिवारों को पहचान पत्र वितरित किए

जयपुर टाइम्स

**शाहपुरा(निसं.)।** पंचायत समिति द्वारा ग्राम पंचायत माताजी का खेड़ा मेविमुक्त, घुमंतू,अर्ध घुमंतू परिवारों की सहायता हेतु शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान विधायक डॉक्टर लालाराम बेरवा भी मौजूद रहे। उन्होंने शिविर में मौजूद लोगों के अभाव अभियोग



भी सुने।उन्होंने शिविर में उपस्थित घुमंतू बंजारा समाज के लोगों को बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार ने घुमंतु समुदाय के लोगों की पीड़ा को समझते हुए विशेष शिविर का आयोजन किया है। शिविर में मौजूद लोगो से आवश्यक दस्तावेज जैसे फोटो पहचान पत्र, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, घुमंतू पहचान पत्र शिविर में ही तैयार करवाने का आग्रह किया। विधायक द्वारा 155 घुमंतु परिवार के लोगों को घुमंतू पहचान पत्र मौके पर वितरित किए। घुमंतू पहचान पत्र के 165 आवेदन भी प्राप्त हुए। जिनको ऑनलाइन किया गया,73 निःशुल्क दवाई कीट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता बालाराम खारोल रामधन जाट, भागचंद चढ़ा सरपंच सनगारी ,घुमंतू जन अधिकार समिति चित्तौड़ प्रांत के संयोजक कालूलाल बंजारा,सरपंच राजमल बंजारा,मोहनलाल बंजारा, पूर्व सरपंच रामलाल बलाई पूर्व सरपंच, नारायण बंजारा, सूर्य प्रकाश शर्मा सहायक प्रशासनिक अधिकारी सहित कर्मचारी, सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
6 दिसम्बर, 2024

# लोहिया कॉलेज में एबीवीपी छात्रों ने किया प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** शहर के लोहिया कॉलेज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार दोपहर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के मुख्य गेट पर ताला भी लगाया। विरोध प्रदर्शन के बाद एबीवीपी की ओर से कॉलेज प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में एबीवीपी के जिला संयोजक कुलदीप सिंह जागावत ने बताया कि कॉलेज में क्लासों की साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जगह जगह लगे कचरे के ढेर को समय पर उठाया जाएं। कॉलेज में बंद पड़े वाचनालय को तुरन्त खोला जाए। कॉलेज में स्टूडेंट के लिए मीठे पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। कॉलेज में विवेकानंद व सरस्वती वाटिका की साफ सफाई करवाकर वाटिका को सुव्यवस्थित की जाए। कॉलेज में बनाए गए टॉयलेट की समय पर सफाई करवाई जाए। कॉलेज में आचार्य व सहायक आचार्य को ड्यूटी टाइम में कॉलेज में उपस्थित रहने के लिए पाबंद किया जाए। कॉलेज में पार्क के पास बनी अवैध पार्किंग को हटाई जाए। एबीवीपी पदाधिकारियों ने कहा कि अगर तीन दिन में उक्त समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो चूरू में उग्र विरोध प्रदर्शन व आंदोलन किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी। इस मौके पर नीरज चौधरी, निखिल प्रजापत, विनोद मेघवाल, लोकेश ज्याणी, विवेक जांगिड़, किशन सैनी, विशाल सिंह पंवार, कुलदीप व दीप्ती आदि मौजूद रही।

# एडीएम व जेडी ने दिए भवन निर्माण के लिए जगह चिन्हित करने के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग की ओर से रतनगढ के जिला चिकित्सालय में बनने वाले नवनिर्मित भवन व प्रयोगशाला निर्माण के संबंध में गुरुवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर सुजानगढ मंगलाराम व चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ देवेन्द्र चौधरी ने निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम व संयुक्त निदेशक डा चौधरी ने नवनिर्मित भवन के नक्शे में प्रदर्शित जगहों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। एसडीएम रतनगढ रामकुमार ने नक्शे में प्रदर्शित स्थानों का अवलोकन कर कार्य शुरुआत की जानकारी ली। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि रतनगढ़ के राजकीय जिला चिकित्सालय के नवनिर्मित भवन व प्रयोगशाला निर्माण एनएचएम सिविल विंग की ओर से जल्द शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की ओर से एडीएम सुजानगढ, चिकित्सा विभाग के संयुक्त निदेशक बीकानेर जोन, सीएमएचओ, अधिशासी अभियंता एनएचएम व पीएमओ रतनगढ की कमेटी का गठन भी किया गया है। इस दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष आर्य, सहायक लेखाधिकारी कमल आत्रेय व वरिष्ठ सहायक रोहित शर्मा भी मौजूद रहे।

# तहसीलदार गोरा ने रात्रि चौपाल में सुने जन अभाव -अभियोग



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार बुधवार को चूरू तहसीलदार अशोक गोरा ने ग्राम पंचायत दूधवामीठा में रात्रि चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की परिवेदनाओं को सुना और समस्याओं के मौके पर ही निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। ग्रामीणों ने रात्रि चौपाल में बिजली, पानी, ग्रामीण विकास, सड़क, रसद से संबंधित समस्याएं बताईं, जिस पर तहसीलदार गोरा ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं को टाइमलाइन निर्धारित कर निस्तारण के लिए निर्देशित किया। सरपंच रणजीत कुमार ने तहसीलदार को सड़क की समस्या से अवगत कराया। इस मौके पर बीडीओ महेन्द्र कुमार भार्गव, निजी सहायक सुरेश कुमार, पीडब्लयूडी से चंचल, पीएचडी से राजेन्द्र सिंह,, मेडिकल से डॉ हिमांशु सैनी, डिस्कॉम से हर्षित व महावीर सिंह, गिरदावर रामनिवास, पटवारी अशोक सिंह, पशुपालन से डॉ हिमांशु सैनी, वीडीओ सुरेश, कृषि से संजयपाल, शिक्षा विभाग से मोहनलाल व दिनेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# आमजन के परिवादों में व्यक्तिगत रूचि लेकर करें निस्तारण: सुराणा

## झारिया में पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में सुनीं ग्रामीणों की समस्याए

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिले के चूरू पंचायत समिति की झारिया ग्राम पंचायत में आईटी सेंटर में आयोजित ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि आमजन के परिवादों में अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर निस्तारण करें। आमजन से प्राप्त प्रकरणों में संबंधित अधिकारी समुचित कार्यवाही करें और 7 दिनों में निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन को बिजली, पानी, चिकित्सा व सफाई सहित आवश्यक सेवाओं के लिए अनावश्यक परेशानी न हो। ग्रामीणों की ओर से झारिया में बैंक नहीं होने की समस्या बताई, जिस पर जिला कलक्टर ने एलडीएम को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने गांव के बीच में पानी भरने व समुचित निकासी नहीं होने की समस्या बताई, जिस पर जिला कलक्टर ने विकास अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने झारिया के वार्ड नंबर 1 में विद्युत ट्रांसफॉर्मर लगाने, पेयजल आपूर्ति बाधित होने, खेल मैदान में चारदीवारी, विद्यालय में हिन्दी व उर्दू विषय के शिक्षकों की कमी, आंगनबाड़ी केन्द्रों में मुख्य चारदीवारी पर दरवाजा व मरम्मत कार्य, सार्वजनिक कुएं की जमीन पर अतिक्रमण सहित परिवाद रखे, जिस पर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समुचित निस्तारण के निर्देश दिए। बीडीओ महेन्द्र भार्गव ने संचालन करते हुए जन समस्याओं के बारे में समुचित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई में बिजली, पानी सहित विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 11 परिवाद प्राप्त हुए। इस दौरान तहसीलदार अशोक गोरा, कुलवंत भाकर, सहायक विकास अधिकारी रामनिवास, निसार खान, पटवारी रायसिंह, वीडीओ महावीर स्वामी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सास बहू की हत्या के दोषियों को आजीवन कारावास

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** चूरू जिला व सेशन कोर्ट ने गुरुवार को साल 2021 में सास-बहू की हत्या के मामले में दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 2 लाख 11 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। दोषियों ने दूधवाखारा थाना इलाके के गांव सहजूसर में 5 अक्टूबर 2021 को घर में सो रही रहीशा और यासमीन उर्फ आसमीन की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। लोक अभियोजक रोशन सिंह राठौड़ ने बताया कि पांच अक्टूबर 2021 को दूधवाखारा थाने में सहजूसर निवासी बाबू खां ने रिपोर्ट दी कि उसका भाई बुधे खां और उसका बेटा साजिद विदेश में रहते हैं। घर में बुधे खां और उसके बेटे साजिद की पत्नी रहती थी। चार अक्टूबर की रात करीब 10 और 11 बजे के बीच बुधे खां के घर से शोर सुनाई दिया। तब भागकर देखा तो रहीशा और आसमीन घर के कमरे में खून से लथपथ हालात में पड़ी थी। जिनके गर्दन पर धारदार हथियार से वार के निशान थे। आसमीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रहीशा तड़प रही थी। जिसकी अस्पताल लेकर जाते समय मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर सहजूसर निवासी शाहरुख और राशिद उर्फ रसीद के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए शाहरुख और राशिद उर्फ रसीद को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए दोनों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया। लोक अभियोजक रोशनसिंह राठौड़ ने बताया कि अभियोजन पक्ष की ओर से मामले में 22 गवाह और 83 दस्तावेज पेश किए गए। मामले में जिला व सेशन न्यायाधीश रविन्द्र कुमार ने शाहरुख और राशिद को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 2 लाख 11 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

# स्वास्थ्य सेवाएं हों सुदृढ़, आमजन को मिले समुचित लाभ: गोदारा

## रतनगढ़ में मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निसं.)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार गुरुवार को जिले के रतनगढ़ में मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान विधायक पूसाराम गोदारा, सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनिया, एसडीएम रामकुमार वर्मा, सीएमएसचओ डॉ मनोज शर्मा, पीएमओ डॉ संतोष आर्य सहित अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ हो और उनका आमजन को समुचित लाभ मिले। स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ोतरी के लिए अधिकारी, जनप्रतिनिधि मिलकर आपसी समन्वय से काम करें और सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध रहें। हमें आमजन की सुविधाओं के लिए केंद्रित रहते हुए सुविधाओं के विकास पर काम करना होगा। इसके लिए आपसी समन्वय से सुविधाओं के उन्नयन की ओर अग्रसर हों। सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनिया ने विभागीय गतिविधियों की जानकारी लेते हुए समुचित दिशा- निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने स्वास्थ्य व चिकित्सा सेवाओं की जानकारी दी। पीएमओ डॉ संतोष आर्य ने बैठक कार्यवाही का संचालन करते हुए व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बैठक के दौरान चिकित्सा सेवाओं, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने के लिए निदेशालय से मार्गदर्शन प्राप्त करने, ट्रोमा सेंटर के सामने के गेट को सवेरे 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक खुला रखने व चिकित्सालय में सहयोग देने वाले भामाशाहों को सम्मानित करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसी क्रम में सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनिया ने सहकारी समिति क्रय- विक्रय केंद्र का निरीक्षण कर टोकन व खरीद की जानकारी लेते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा - निर्देश दिए।

## संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में पाक्षिक बैठक आयोजित

# ओवरलोडिंग वाहनों और अवैध खनन के विरुद्ध हो सघन कार्यवाही- वंदना सिंघवी

जयपुर टाइम्स



**बीकानेर(निसं.)।** संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी की अध्यक्षता में गुरुवार को पाक्षिक समीक्षा बैठक संभागीय आयुक्त सभागार में आयोजित हुई। इस दौरान संभागीय आयुक्त ने कहा कि बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन से जुड़ा कोई भी मामला जिला और संभाग स्तर पर लंबित नहीं रहे, इसके लिए संबंधित अधिकारी अविलंब कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शहर के नजदीक मातृ वन अथवा नगर वन के रूप में ऐसे क्षेत्र को विकसित किया जाए, जहां बड़ी संख्या में लोग आ सकें। इसके लिए वन विभाग को नगर निगम, यूआईटी और भामाशाहों के सहयोग से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 20 दिसंबर तक इसके लिए स्थान चिह्नीकरण कर लिया जाए तथा भामाशाहों से इस संबंध में चर्चा की जाए। उन्होंने शहर के मुख्य प्रवेश मार्गों की ट्रैफिक लाइटों को दुरुस्त करने तथा आवश्यकता के अनुसार नए स्थानों का चिन्हीकरण अगले तीन दिनों में संयुक्त सर्वे के माध्यम से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साथ ही लालगढ़ बस स्टैंड के सामने क्षतिग्रस्त सड़क की समस्या के स्थाई समाधान के लिए नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और पीएचडी को संयुक्त कार्यवाही करे। सीवरेज के कारण जलभराव की स्थिति नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाए। संभागीय आयुक्त ने कहा कि शहरी की बाहरी सीमा बसों के ठहराव के लिए स्थान का चिह्नीकरण किया जाए। जलदाय विभाग को समर कंटीन्जेंसी प्लान तैयार करते हुए निर्धारित समय तक प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाने के लिए कहा। संभागीय आयुक्त ने कहा कि किसी भी स्थान पर शराब की दुकान नॉर्म्स के विरुद्ध नहीं खुले, यह सुनिश्चित किया जाए। संभाग के जिलों में इससे सम्बन्धित सर्वे करवा लिया जाए। उन्होंने रोड सेफ्टी टास्क फोर्स गठन के निर्देश दिए। गंदे पानी की समस्या के समाधान के लिए बजट में किए गए सौ करोड़ रुपए के प्रावधान का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने ओवरलोडिंग वाहनों और अवैध खनन के विरुद्ध सघन कार्यवाही के निर्देश दिए और कहा कि पुलिस, खान और परिवहन विभाग द्वारा औचक निरीक्षण किए जाएं। सभी विभाग सतर्क रहकर काम करें। उन्होंने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, खान और परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त संयुक्त सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए। संभागीय ने कहा कि पेयजल गुणवत्ता को लेकर किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। मौसमी बीमारियों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जहां डेंगू के नए केस आ रहे हैं, वहां नियमानुसार कार्यवाही की जाए। डेयरी बूथों के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए और कहा कि इन बूथों पर दूध और इससे जुड़े उत्पादों के अलावा किसी सामग्री का विक्रय नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाए। यदि ऐसा होता है तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होंने पुलिस की शक्ति और डॉल्फिन टीमों को भी इस दिशा में कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। संभागीय आयुक्त ने कहा कि मुख्य बाजारों में अवैध रूप से खुली दुकान और थड़ियां नहीं रहें। प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने का सघन अभियान चलाया जाए। साथ ही पीडब्ल्यूडी कार्यालय के आगे रोड पर टैक्सियों को सुनियोजित तरीके से खड़ी करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा सर्कल्स के आधार पर टीमें में गठित करते हुए अवैध अतिक्रमण हटाने, दुकानों के निरीक्षण आदि की कार्यवाही की जाए।

# डागर राजींव गांधी पंचायतीराज संगठन में राष्ट्रीय सचिव नियुक्त



जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कासं.)**आमेर तहसील के खोरा बीसल निवासी उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर को राजींव गांधी पंचायतीराज संगठन में रविवार को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय सचिव बनने पर डागर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, पूर्व अध्यक्ष RGPRS मिनाक्षी नटराजन एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है डागर कांग्रेस पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं में आते हैं डागर 1994 से भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन में प्रदेश महासचिव, वर्ष 1998 में युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष, 2005 में पंचायत समिति आमेर में सदस्य चुने गए,2010 से 2013 तक जयपुर ग्रामीण युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे, 2015 में जिला परिषद सदस्य सदस्य के साथ जिला परिषद में नेता प्रतिपक्ष एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सचिव के रुप में रहे, 2021 में जयपुर जिला परिषद के सदस्य चुने गए एवं उप जिलाप्रमुख बने। इसके साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में महासचिव के पद पर ज़िम्मेदारी निभा रहे हैं डागर एक साधारण किसान परिवार से आते हैं खेती -बाडी व्यवसाय से जुड़े हैं एवं जमीनी स्तर पर कार्यकर्ता के रूप में पहचाने जाते हैं। डागर के राष्ट्रीय सचिव बनने पर आमेर विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। समर्थकों ने सोशल मीडिया पर बधाईयाँ दे रहे हैं।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने की जनसुनवाई

# चुन्नाराम की ढाणी तक सड़क निर्माण की घोषणा



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने तारानगर विधानसभा क्षेत्र के निकटवर्ती गाँव चुन्नाराम की ढाणी में गुरुवार को जनसुनवाई की जिसमें पानी, बिजली, सफाई, रोशनी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा आदि पर चर्चा हुई। राठौड़ ने आमजन की जनसुनवाई करते हुए उक्त समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संबधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। राठौड़ ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि पानी समस्या के समाधान के लिए अतिशीघ्र पेयजल टंकी का निर्माण होगा जिससे पानी की समस्या का स्थायी समाधान होगा। राठौड़ ने मुख्य सड़क से चुन्नाराम ढाणी तक सड़क बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने कहा कि ढाणी चुन्नाराम की ढाणी में बोदलिया की ढाणी तक 50 लाख की लागत से सड़क बनने जा रही है, पेयजल की टंकी निर्माण होगा जिससे पेयजल समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। सड़क व पेयजल टंकी निर्माण की घोषणा होते ही ग्रामीणों ने राठौड़ व जांगिड़ का तालियों से जोशीला स्वागत किया।

# जिला मुख्यालय पर होगी महिला व पुरुषों की मैराथन

## सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में होगा आयोजन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** राजस्थान सरकार के वर्तमान कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पंच गौरव कार्यक्रम के तहत एक जिला एक खेल अंतर्गत मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी प्रकाश राम गोदारा ने बताया कि मैराथन जिला स्टेडियम तीन श्रेणियों में अलग-अलग आयोजित होगी। महिला वर्ग में प्रातः 7 बजे जिला स्टेडियम से कलेक्ट्रेट सर्किल होते हुए जिला स्टेडियम तक 5 किमी, पुरुष वर्ग में प्रातः 7.35 बजे जिला स्टेडियम से धर्मस्तुप होते हुए जिला स्टेडियम तक 10 किमी व इस वर्ग में प्रातः 9 बजे जिला स्टेडियम से बीनासर से वापिस जिला स्टेडियम तक 21 किमी मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। मैराथन में विजेता प्रथम, द्वितीय व तृतीय खिलाडियों को इनामी राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इच्छुक धावक इस दौड़ में भाग ले सकेंगे।

# रतनगढ से नकदी और ज्वैलरी चोरी

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निसं.)।** शहर में लिंक रोड से सटी एक गली के मकान में बुधवार की रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया तथा दो लाख 60 हजार रुपए नकदी और ढ़ाई लाख रुपए के लगभग सोने-चांदी के आभूषणों की चोरी कर ली। मकान मालिक अपनी नाती के विवाह समारोह में शरीक होने के लिए बुधवार की दोपहर ही मंडावा गए थे। मकान की रखवाली के लिए एक व्यक्ति को छोड़ भी रखा था, उसके बावजूद चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया और मकान पर उपस्थित व्यक्ति को पता भी नहीं चला। इस संबंध में चंद्रकांत रिणवां ने गुरुवार की शाम पुलिस थाना में रिपोर्ट भी दर्ज करवाई है। घटना के अनुसार लिंक रोड से सटी एक गली जो वार्ड संख्या 16 में स्थित है। इस गली में विश्वनाथ रिणवां का मकान है। परिवार के लोग बुधवार की दोपहर मंडावा में अपनी नाती विवाह समारोह के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे तथा घर की रखवाली के लिए नूवां निवासी धन्नाराम मेघवाल को छोड़कर गए थे। मकान के पास खाली पड़ी जमीन में बने कमरे में धन्नाराम सो रहा था कि चोरों ने टीबी अस्पताल के पास खाली पड़ी जमीन से मकान में प्रवेश किया तथा मुख्य गेट का दरवाजा तोड़कर तीन कमरों में घुस गए तथा कमरों में रखे आलमारी व संदूकों के ताले तोड़कर उसमें रखे दो लाख 60 हजार रुपए नकदी तथा ढ़ाई लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषणों की चोरी कर ली। सुबह जब धन्नाराम उठा, तो मकान के ताले टूटे हुए देखकर पड़ोसियों को सूचना दी। पड़ोसियों ने मंडावा गए हुए मकान मालिक को घटना से अवगत करवाया, जिस पर मकान मालिक रतनगढ़ पहुंचे व पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया और आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले तथा दोपहर में चूरू से आई एफएसएल टीम ने घटना स्थल से फींगर प्रिंट उठाए। गुरुवार की शाम चंद्रकांत रिणवां ने चोरी की घटना की रिपोर्ट भी पुलिस में दर्ज करवाई है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।